संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, गुरूवार, 15 जून 2023    ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 162 पृष्ठ: 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



बीएसएफ के नए निदेशक के रूप में नितिन अग्रवाल ने कार्यभार संभाला।

# 'बिपरजॉय' आज गुजरात तट से टकराएगा

## कच्छ में 3.5 के झटके महसूस हुए, बिपरजॉय आज तट से टकराएगा, भारी बारिश का अलर्ट, सरकार-प्रशासन मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया/पोरबंदर/द्वारका/कच्छ**

**अरब** सागर में उठे तूफान बिपरजॉय के गुजरात से टकराने में सिर्फ एक दिन बाकी है। साइक्लोन के खतरे के बीच बुधवार शाम कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप 3.5 तीव्रता का था। तूफान 15 जून की शाम तक कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराएगा। इस दौरान 150 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। इसके चलते बुधवार को गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है। अब तक 9 की मौत, कच्छ-सौराष्ट्र में बारिश का रेड अलर्ट् में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इधर, गृह मंत्री अमित शाह ने तूफान की वजह से तेलंगाना दौरा रद्द कर दिया है। 15 जून को खम्मम में वे रैली करने वाले थे। शाह तूफान से जुड़ी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करेंगे।

कच्छ के बंदरगाह में खड़ीं नावें। मछुआरों को 16 जून तक समुद्र में जाने की अनुमति नहीं है।


**गुजरात के द्वारका से 290 किमी दूर है तूफान:** मौसम विभाग के बुधवार दोपहर 12 बजे के अपडेट के मुताबिक, तूफान 8 किमी/घंटे की रफ्तार से नॉर्थ-वेस्ट में आगे बढ़ रहा है। तूफान बुधवार सुबह 8:30 बजे द्वारका से 290 किमी और जखौ पोर्ट से 280 किमी दूर था। यह गुरुवार की शाम तक गुजरात के तट पर जखौ पोर्ट से टकराएगा। द्वारकाधीश मंदिर के शिखर पर पांच दिन तक ध्वज नहीं फहराया जाएगा। करीब 20 फीट नीचे दो ध्वज फहराए गए हैं। परंपरा के अनुसार सोमनाथ के द्वारकाधीश मंदिर के मुख्य शिखर पर 5 बार ध्वज बदला जाता है, लेकिन मंगलवार से यहां ध्वज नहीं फहराया गया है। इसके नीचे दो ध्वज फहराए गए हैं। दरअसल, दो ध्वज एक साथ फहराने के पीछे एक मान्यता है। कहा जाता है कि इससे आपदा टल जाती है।

### अब तक अरब सागर के ऊपर से 13 चक्रवात उठे

**बीते** 58 साल की बात करें तो 1965 से 2022 के बीच अरब सागर के ऊपर से 13 चक्रवात उठे। इनमें से दो गुजरात के तट से टकराए। एक महाराष्ट्र, एक पाकिस्तान, तीन ओमान-यमन और छह समुद्र के ऊपर कमजोर पड़ गए।



### तूफान के तट के पास पहुंचने से हवा की स्पीड 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है..



**तूफान** के तट के पास पहुंचने से हवा की स्पीड 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इससे पेड़, टेलीफोन और बिजली के खंभे गिर सकते हैं। मछुआरों को 16 जून तक समुद्र में ना जाने को कहा गया है। गुजरात में बुधवार से रेड अलर्ट जारी किया गया है। मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया था- पोरबंदर, द्वारका से लेकर कच्छ तक हवा की रफ्तार बढ़ रही है। 14 जून को 65-75 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं, 15 जून को द्वारका, जामनगर, कच्छ और मोरबी जिलों में हवा 125-135 किमी की रफ्तार से चलेगी।

बीएसएफ जवानों ने कच्छ के तटीय इलाकों के कुछ लोगों को अपने बॉर्डर आउटपोस्ट में ठहरने की जगह दी। बिपरजॉय पिछले 25 साल में जून महीने में गुजरात के तट से टकराने वाला पहला तूफान होगा। इससे पहले 9 जून 1998 को एक तूफान गुजरात के तट से टकराया था। तब पोरबंदर के पास 166 किमी की रफ्तार से हवा चली थी।

## लव जिहाद विरोधी महापंचायत: सुनवाई से कोर्ट का इनकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 15 जून को लव जिहाद विरोधी महापंचायत के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील शाहरुख आलम से कहा कि कानून व्यवस्था कायम रखना राज्य की जिम्मेदारी है। आप हाई कोर्ट के सामने बात रखें। हाई कोर्ट भी सुनवाई में समर्थ है। आपको उस पर विश्वास रखना चाहिए। सुनवाई के दौरान वकील शाहरुख आलम ने कहा कि एक समुदाय को जगह खाली करने के लिए धमकाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड को हेट स्पीच पर कार्रवाई का आदेश दे रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून व्यवस्था देखना प्रशासन का काम है। आप हाई कोर्ट से सुनवाई का आग्रह करें।

## मनी लॉन्ड्रिंग: तमिलनाडु के बिजली मंत्री गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**

**मनी** लॉन्ड्रिंग केस में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी को बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अरेस्ट कर लिया। जांच एजेंसी मंगलवार सुबह सात बजे बालाजी के घर पहुंची थी। यहां उनसे 24 घंटे पूछताछ हुई। ईडी की कार्रवाई और पूछताछ के दौरान सेंथिल ने सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए चेन्नई के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां वे दर्द से रोते हुए दिखे। अस्पताल की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में सेंथिल बालाजी को बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई है। छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों के साथ सेंट्रल पैरा-मिलिट्री फोर्स के जवान भी वहां मौजूद थे। पूछताछ के बाद ईडी ने मंत्री सेंथिल को हिरासत में ले लिया बुधवार को बालाजी को अरेस्ट कर लिया गया।

## उत्तरकाशी महापंचायत के लिए अनुमति नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**जिला** प्रशासन और पुलिस ने उत्तरकाशी के पुरोला में होने वाली महापंचायत के लिए अनुमति नहीं दी है। पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा और किसी भी कीमत पर स्थिति अप्रिय नही होने दी जाएगी। डीआईजी गढ़वाल रेंज केएस नगन्याल का कहना है कि उत्तरकाशी के पुरोला में 15 जून को होने वाली महापंचायत के संदर्भ में आयोजकों को साफ संकेत दे दिया गया है कि कानून का उल्लंघन करने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। डीआईजी गढ़वाल रेंज ने बताया कि पुरोला में अब महापंचायत किसने बुलाई है और महापंचायत कहां होनी है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## राज ठाकरे ने औरंगजेब की तस्वीर वाला केक काटा



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र** नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर मुगल शासक औरंगजेब और लाउडस्पीकर की तस्वीर वाला केक काटा। उन्होंने केक पर औरंगजेब की गर्दन वाली जगह पर चाकू चलाया और लाउडस्पीकर को क्रॉस कर दिया। राज के 55वें जन्मदिन पर उनके समर्थक ये केक लेकर उनके घर पहुंचे थे। महाराष्ट्र में औरंगजेब की तस्वीर को लेकर कुछ दिन पहले हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इसके बाद एमएनएस के समर्थकों ने भी मुंबई में औरंगजेब का पुतला फूंका था। राज ठाकरे औरंगजेब के खिलाफ बोलते आए हैं। वे मस्जिद से लाउडस्पीकर में अजान के खिलाफ आंदोलन भी कर चुके हैं।

## विदेश मंत्री ने यूएस एनएसए से की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की। यह मुलाकात काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि कुछ दिनों में ही पीएम मोदी अमेरिका जाने वाले हैं। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी एनएसए से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच भारत-अमेरिका साझेदारी के दृष्टिकोण से वैश्विक रणनीतिक विकास पर भी



चर्चा की गई।

**अगले हफ्ते अमेरिका जाएंगे पीएम मोदी:** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले हफ्ते अमेरिकी दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे से ठीक पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन मंगलवार को भारत पहुंचे। अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन पीएम मोदी की आगामी राजकीय यात्रा को लेकर उत्सुक दिखे। अमेरिकी एनएसए सुलिवन ने मंगलवार को पीएम मोदी से भी मुलाकात की थी।

**जैक सुलिवन और पीएम मोदी की मुलाकात:** जैक सुलिवन ने पीएम मोदी को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन राजकीय यात्रा पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

## लंदन में हैदराबाद की युवती की चाकू घोंपकर हत्या, ब्राजीलियाई गिरफ्तार

**लंदन:** लंदन के वेम्बली से एक चौंका देने वाला मामला सामने आ रहा है, जहां पर हैदराबाद की 27 वर्षीय लड़की की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लंदन में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे 27 वर्षीय महिला पर ब्राजील के एक नागरिक ने कथित तौर पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान कोंथम तेजस्विनी के रूप में हुई है। दरअसल, उच्च शिक्षा के लिए लंदन आई तेजस्विनी की मौके पर ही मौत हो गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय एक अन्य महिला पर भी हमला हुआ था।

## भारत ने लालफीताशाही खत्म किया: शाह

### गर्व की बात...

= मोदी राज के 9 साल में भारत ने लालफीताशाही से 'रेड कार्पेट' तक का सफर तय किया है : शाह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल पूरा होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जताई। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को कहा कि मोदी राज के 9 साल में भारत ने लालफीताशाही से 'रेड कार्पेट' तक का सफर तय किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने एक परेशानी मुक्त कारोबारी माहौल बनाया, जिससे देश एक पसंदीदा एफडीआई केंद्र बन गया है। शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल के व्यापार में आसानी में विकास को गति देने के लिए भारत की आकांक्षाओं को उजागर किया है।

**अमित शाह ने ट्विटर पर जताई खुशी:** अमित शाह ने ट्विटर पर लिखा, 'भारत ने काराबारी सुगमता के नौ साल के दौरान लालफीताशाही से रेड कार्पेट तक का सफर पूरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कुशल कर प्रणाली, निवेशक अनुकूल नीति और मंजूरी की आसान प्रक्रिया की शुरूआत की ताकि परेशानी मुक्त कारोबारी माहौल और भारत को एफडीआई का पसंदीदा केंद्र बनाया जा सके।'

## उत्तराखंड के नैनी सैनी एयरपोर्ट को डीजीसीए की मंजूरी मिली

**टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ**

**उत्तराखंड** के पिथौरागढ़ जिले में बने नैनी सैनी एयरपोर्ट को DGCA की मंजूरी मिल गई है। अब यहां से फ्लाइट्स ऑपरेट कर सकेंगी। ये एयरपोर्ट चीन सीमा से सिर्फ 50 किलोमीटर की हवाई दूरी पर स्थित है। इस एयरपोर्ट के चालू होने से उत्तराखंड का पहाड़ी इलाका हवाई रास्ते के जरिए देश भर से जुड़ पाएगा। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरपोर्ट को एअरोड्रोम लाइसेंस दे दिया है। ये लाइसेंस एयरपोर्ट को मैनेज करने वाले उत्तराखंड एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसकी पुष्टि की है।



उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड खासकर कुमाऊँ इलाके की एयर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। हम इसके लिए पीएम मोदी और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को धन्यवाद देते हैं।

**सरकार ने एयरफोर्स को एयरपोर्ट सौंपने का फैसला किया:** इस साल फरवरी में उत्तराखंड सरकार ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस एयरपोर्ट को एयरफोर्स को सौंपने का फैसला लिया था। हालांकि, इसके बाद भी यहां से कॉमर्शियल फ्लाइट्स उड़ती रहेंगी।

## मणिपुर में फिर हिंसा, 9 की मौत, 10 घायल

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई। 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया। हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। मारे गए सभी लोग खामेलोक गांव के हैं। इस घटना के अलावा मंगलवार को बिष्णुपुर जिले में भी हिंसा हुई। यहां फौगाकचाओ इखाई गांव में कुकी समुदाय के लोग मैतेई इलाकों में बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुकी लोगों और सुरक्षा बलों के बीच फायरिंग हुई। इधर, मणिपुर की महिला गन सर्वाइवर्स नेटवर्क की फाउंडर बिनालक्ष्मी नेपराम ने दावा किया कि कांगपोकी के खामेलोक में हुई गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। खामेलोक इलाके में गोलीबारी हुई थी, जिसमें 9 लोग घायल हुए थे।



### थम नहीं रही हिंसा

= पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया

हिंसा के चलते राज्य में इंटरनेट पर बैन 15 जून तक बढ़ा दिया गया।

कुछ इलाकों में कर्फ्यू में ढील भी दी गई है। नॉर्थ-ईस्ट कोऑर्डिनेशन काउंसिल के प्रेसिडेंट और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मणिपुर हिंसा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात करेंगे। सरमा शाह को मणिपुर के ताजा हालात की रिपोर्ट देंगे।

## थोक महंगाई दर -3.48 फीसदी पर आई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**खुदरा** महंगाई के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। मई में थोक महंगाई दर घटकर -3.48 फीसदी पर आ गई है। अप्रैल में यह -0.92 फीसदी रही थी। एक साल पहले मई, 2022 में थोक महंगाई दर 16.63 फीसदी पर थी, जबकि जून 2020 में यह -1.81 फीसदी रही थी। इस तरह ये इसका तीन साल का निचला स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी



आंकड़ों में बताया कि मई महीने में थोक महंगाई दर घटकर -3.48 फीसदी रही है। थोक महंगाई दर में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम घटने से आई है। यह लगातार दूसरा महीना है, जब डब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई दर घटकर शून्य से नीचे आई है। आंकड़ों के मुताबिक मई महीने में खाद्य पदार्थों की महंगाई घटकर 1.51 फीसदी पर आ गई, जबकि अप्रैल में यह 3.54 फीसदी पर रही थी।

### गिरावट

= मई में थोक महंगाई दर घटकर -3.48 फीसदी पर आ गई है। अप्रैल में यह -0.92 फीसदी रही थी

## शक्तिकांत दास लंदन में गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रिजर्व बैंक** ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया है। आरबीआई गवर्नर को लंदन में सेंट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स 2023 में बुधवार को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। शक्तिकांत दास को यह सम्मान कोरोना महामारी के दौरान लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है। सेंट्रल बैंकिंग एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध पत्रिका है। पब्लिकेशन की ओर से मार्च 2023 में शक्तिकांत दास के नाम की इस अवॉर्ड के लिए सिफारिश की गई थी।

## एमपी: 12वीं में टॉपर छात्रों को ई-स्कूटी मिलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये नवीन योजना अंतर्गत प्रदेश के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी प्रदान करने का निर्णय लिया है। अगर एक से ज्यादा विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक है तो उन सभी को योजना का लाभ मिलेगा। जिन क्षेत्रों में ई-स्कूटी उपलब्ध नहीं है वहाँ पर स्कूटी प्रदाय की जाएगी। योजना से लगभग 9 हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। वर्ष 2023-24 के बजट में योजना के क्रियान्वयन के लिये 135 करोड़ रुपये का प्रावधान



### शिवराज एक्टिव...

= अगर एक से ज्यादा विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक है तो उन सभी को योजना का लाभ मिलेगा

किया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को विद्यालयों तक पहुँचने में सुविधा बढ़ाने तथा निर्भरता कम करने, उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने, आत्म-विश्वास जागृत करने के लिये नवीन योजना का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश ह्यअनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का अनुसमर्थन किया।

**बम, बारूद, हिंसा...** साउथ 24 परगना जिले में टीमएसी के दो गुटों में बमबाजी; बांकुड़ा में बम बरामद, 8 गिरफ्तार

## पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले जबरदस्त हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले लगातार हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुधवार को साउथ 24 परगना जिले के कैनिन में कैंडिडेट्स के नॉमिनेशन के दौरान सत्ताधारी टीएमसी के दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर बम से हमला किया। ब्लॉक अध्यक्ष सैबल लाहिड़ी के नेतृत्व में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने कैनिंग बस स्टैंड के पास सड़क जाम कर दिया। उनका आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के दूसरे गुट



ने उन्हें तब रोका जब वे कैनिंग में चुनाव आयुक्त ऑफिस में नॉमिनेशन फाइल करने जा रहे थे। वहीं दूसरा गुट टीएमसी विधायक परेश राम का करीबी माना जाता है। इधर, बांकुड़ा जिले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से बैग बरामद किया, जिसमें एक दर्जन बम भरे हुए थे। पुलिस ने कार जब्त कर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पंचायत चुनाव के लिए नॉमिनेशन में अभी दो दिन ही बचे हैं। कोलकाता हाईकोर्ट में भी नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने को लेकर सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने कहा था कि नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने पर राज्य चुनाव आयोग फैसला करे। कोर्ट ने राज्य में हिंसा की घटनाओं को देखते हुए संवेदनशील जिलों में सेंट्रल फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया है। इससे पहले 13 जून को इंडियन सेक्युलर फ्रंट और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। साउथ 24 परगना जिले के भांगर से विधायक नवसाद सिद्दीकी ने कहा कि जब हमारी पार्टी के कार्यकर्ता नामांकन दाखिल करने गए, तो उन्हें टीएमसी के गुंडों ने पीटा। यही स्थिति बनी रही तो निष्पक्ष पंचायत चुनाव नहीं हो पाएंगे। लोग डर के मारे घर से बाहर नहीं निकलेंगे।

### हिंसक झड़प

= बांकुड़ा जिले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से बैग बरामद किया, जिसमें एक दर्जन बम भरे हुए

# प्रदर्शनी में लो कॉस्ट मेटेरियल से बनाए गई शिक्षण सामग्री का किया अवलोकन

## सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य कर रही है : सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के केशव सदन में शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने सबसे पहले अध्यापकों द्वारा लो कॉस्ट मेटेरियल से बनाए गई शिक्षण सामग्री का अवलोकन किया इस प्रदर्शनी में कुरुक्षेत्र जिले के पांचों खंडों के प्रथम आने वाले स्कूलों ने भाग लिया और अपने अपने अध्यापन सहायक सामग्री के प्रयोग के बारे में बताया ।उसके बाद दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम के शुभारंभ किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने सम्बोधन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया स्वागत किया और



इस कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उसके बाद विभिन्न कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई । मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य कर रही है ।इस अवसर पर पी पी टी प्रेजेंटेशन, लो कास्ट शिक्षत सहायक सामग्री, टीचर और मेंटर अवॉर्ड ,बेस्ट प्रैक्टिस शेयरिंग, पैनल डिस्कशन, मैटेरियल, शोकेस आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें पहाड़े,रागनी प्रतियोगिता, प्रिंटरिच कक्षा कक्ष, बाल रामलीला आदि में उत्कृष्ट करने वाले अध्यापकों एवं बच्चों को पुरस्कृत किया गया। निपुण भारत मिशन के तहत जी-20 बैठक से पूर्व एफ एल एन कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों एवं जनभागीदारी कार्यक्रमों के बारे में विशेष रूप से बताया गया ।इसके अतिरिक्त फाऊंडेशनल लर्निंग, निपुण, डिजिटल एजुकेशन, एनडीपी और जी-20 प्रेसिडेंसी के सुझाए गए विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में अपने विधालयों में में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 30 स्टार अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बाल गीत, पहाड़े और प्रिंट रिच क्लासरूम करने वाले और बेस्ट 20 केआरपी सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला डाइट के प्राचार्य व जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह पुनिया ने की। कार्यक्रम के समापन पर सिटी मजिस्ट्रेट हरदीप कौर ने सभी प्रतिभागी अध्यापकों, बच्चों व निपुण हरियाणा मिशन में सहयोगियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जी 20 जनभागीदारी कार्यक्रम एवं इस कार्यक्रम के बारे में शाहबाद व थानेसर खंड के बारे में पीपीटी के माध्यम से खंडों में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया ।इस अवसर पर सीएम दीजिए दीजिए श्री नंदन जिला समग्र शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, उप जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा ,एफ एल एन के जिला सम्यक डॉक्टर आशुतोष, सहायक परियोजना अधिकारी डॉ कृष्णा कुमारी, इंदु कौशिक खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर, डॉक्टर एस एस आहूजा खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद,हरदीप कौर खंड शिक्षा अधिकारी लाडवा, व जिले के सभी सहायक अधिकारी, सभी संसाधन सम्यक, निशा गुप्ता मौजूद रहे।

# सूर्यदेव ने स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**▶▶ स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उसने अपने दमदार पंच से विरोधियों के छक्के छुड़ा दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर के ककरोई रोड स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल के 12 वीं कक्षा के छात्र सूर्यदेव ने झज्जर में आयोजित हरियाणा स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के 66 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। 5 से 8 जून तक आयोजित स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उसने अपने दमदार पंच से विरोधियों के छक्के छुड़ा दिए। स्कूल में वापस लौटने पर सूर्यदेव का जोरदार स्वागत किया गया । विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह रोहिल्ला, चेयरमैन आदित्य रोहिल्ला, प्राचार्या अंजू रोहिल्ला, निदेशक मुकेश रुहिल, मुख्याध्यापिका जया आदि ने पदक विजेता को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की





कामना की। स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह रोहिल्ला ने कहा कि सूर्यदेव बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है । उन्होंने भरोसा जताया कि आगे चलकर वह देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा । चेयरमैन आदित्य रोहिल्ला ने बताया कि सूर्यदेव एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए रोहतक में 20 जून को होने वाले ट्रायल में भी अपना दमखम दिखायेगा । इसके लिए उसने अपने कोच संजय नागर की देखरेख में अपनी तैयारी शुरू कर दी है । सूर्यदेव की सफलता से सरस्वती विहार निवासी उसके पिता नरेंद्र व माता शशि भी बेहद उत्साहित हैं। सूर्यदेव ने बताया कि वह आगामी मुकाबले के लिए पूरी मेहनत व लगन से जुट गया है । उसने बताया कि उसके माता-पिता भी उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बॉक्सर बनते देखना चाहते हैं।

# 'हरियाणा वास्तव में देव भूमि है इसलिए इसका नाम हरियाणा है'

**▶▶ हमारे संस्कारों को जीवित रखने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान परम आवश्यक है**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारत** विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रान्त की सोनीपत शाखा, राजमार्ग शाखा, प्रबुद्ध शाखा एवं संस्कृतभारती हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्त्वावधान में समापन समारोह ऋषिकुल वर्ल्ड आकदमी देवडू रोड सोनीपत में संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्यातिथि रहे विश्वविद्यालय के मुख्यातिथि प्रो.राजेंद्र कुमार अनायत, कुलपति- 'दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' मुरथल सोनीपत, विशिष्ट अतिथि एस. के.शर्मा ऋषिकुल वर्ल्ड अकेडमी के संस्थापक व संरक्षक, मुख्य वक्ता प्रो.कमला भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्षा संस्कृत भारती तथा समारोह के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल सह-संस्थापक गेटवे इंटरनेशनल एजुकेशन सोनीपत ने कार्यक्रम में सहभागिता की।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय रोहतक विभाग संयोजक डॉ.संजीव शर्मा ने करवाया तथा प्रशिक्षण वर्ग का



प्रास्ताविक ईशम सिंह ने किया और वर्गवित्त वर्गप्रशिक्षण प्रमुख सतेन्द्र कुमार ने किया।अतिथियों का स्वागत वर्गाधिकारीणी आचार्या दीक्षा ने पुस्तक गुच्छ व फल गुच्छ द्वारा किया। तदुपरांत प्रशिक्षण वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों ने संस्कृत में प्रस्तुतियां दी जिनमें संस्कृतभाषा के माध्यम से पाठन कौशल, संवाद नाटक, अनुभव कथन, गीतगायन तथा नृत्य आदि थे। इन गतिविधियों में कौन बनेगा करोड़पति व बराक ओबामा के द्वारा संस्कृतभारती के सम्भाषण वर्ग का अनुभव कथन,लघुबालिका आन्या शर्मा द्वारा बालगीत पर नृत्य प्रस्तुति तथा संस्कृत गीत पर हरियाणवीं शैली में नृत्य कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहें। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेंद्र कुमार अनायत ने अपना उद्बोधन वैदिक मंत्रों व श्लोकोच्चारण के साथ किया और कहा कि हरियाणा वास्तव में देव भूमि है इसलिए इसका नाम हरियाणा है,जो कि शुद्ध संस्कृत शब्द है। हरियाणा की भूमि देवभाषा संस्कृत से कभी अलग हो ही नहीं सकती। मुख्य वक्ता प्रो.कमला भारद्वाज ने कहा कि हमारे संस्कारों को जीवित रखने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान परम आवश्यक है इसलिए संस्कृत भाषा के बिना संस्कारों की कल्पना भी नहीं की जा सकती। समारोह के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में बताया कि चाहे हम किसी भी विषय से पढ़ाई करें परंतु संस्कृत भाषा हमें आवश्यक रूप से सीखना चाहिए। ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी के निदेशक नीरज शर्मा ने बताया कि संस्कृत भाषा देववाणी है इसे अपने जीवन में धारण करना आज के समय की जरूरत है।

# हकेवि के डॉ. सुमित को मिला विस्कोमीटर के लिए डिजाइन पेटेंट

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्दगढ़**
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में भेषजिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार ने नैनोजेल विस्कोसिटी मापने के लिए विस्कोमीटर का नया डिजाइन तैयार किया है। भेषजिक विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमित कुमार और उनकी टीम के इस उल्लेखनीय कार्य के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को पेटेंट्स महानियंत्रक कार्यालय, डिजाइन्स एंड ट्रेड मार्क्स, भारत सरकार द्वारा डिजाइन पेटेन्ट प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. सुमित कुमार एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह नवाचार समाज के लिए काफी मददगार साबित होगा।

# तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रारम्भ

**▶▶ पीटीआई/डीपीआई व स्कूल के अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों प्रोटोकोल प्रशिक्षण दिया जा चुका है**


**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के यशस्वी गृह स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज के दिशा-निर्देशन एव डॉ साकेत कुमार महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा 21 जून को मनाए जाने वाले 9जी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारिया प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अम्बाला में आयुष विभाग शिक्षा विभाग एव खेल विभाग



द्वारा प्रथम चरण में 25 से 27 मई 2023 तक पीटीआई/डीपीआई, स्कूल अध्यापक योग सस्थाओं को जिला अंबाला के सभी 6 ब्लॉको में सुबह 6 से 7.30 अलग अलग चयनित स्थानों में 3 दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया गया था। दूसरे चरण में पीटीआई/डीपीआई व स्कूल के अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों प्रोटोकोल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अतिरिक्त उपायुक्त अंबाला द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देशक जारी कर दिए है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा लोगों को आहवान किया की वे ट्रैनिंग सेशन में आकर योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग लेकर योग को जीवन में अपनाएं। जिला आयुर्वेद अधिकारी अंबाला डॉ0 शशी कान्त शर्मा ने बताया कि तीसरे चरण में 9 से 11 जून तक जिले में योग शिक्षको, आयुष योग सहायक, योग विशेषज्ञ द्वारा जिला तथा ब्लाक स्तर प्रशासनिक अधिकारी ६ कार्यक्रम, सरपंच, पंच, एनसीसी व स्काउट कैडेट को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसलिए सभी ब्लॉकों अधिकारी व कर्मचारियो की डयूटी लगा दी गई है।

# योग सिखाता है अनुशासन का पाठः नगराधीश हरप्रीत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) नगराधीश** हरप्रीत कौर ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासन में रहने का पाठ भी पढ़ाता है और जो व्यक्ति अनुशासन में रहेगा वह देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगा। इसलिए देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए। इसी लक्ष्य को लेकर सरकार लोगों को योग करने के प्रति जागरूक कर रही है। सीटीएम हरप्रीत कौर



बुधवार को जिला प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वाधान में द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित 3 दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बोल रही थी। इससे पहले सीटीएम हरप्रीत कौर ने दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रुप से योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। सीटीएम हरप्रीत कौर ने कहा कि ऋषि मुनियों की बदौलत आज पूरे विश्व में योग को अपनाया जा रहा हैं। योग भारत की प्राचीन परम्परा मे शुमार हैं। आज फिर पूरी विश्व योग पद्धति को अपना रहा हैं। पूरी दुनिया में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं।

# नीट परीक्षा में मेहताब ने बाजी मारी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)** नीट परीक्षा 2023 में शाहाबाद के मेहताब सिंह ने 720 में से 695 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 562वां रैंक प्राप्त किया। मेहताब सिंह की माता रणजीत कौर प्राध्यापिका है तथा पिता राकेश कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्यरत है। मेहताब के पिता ने बताया कि मेहताब ने बारहवीं कक्षा की पढ़ाई दिल्ली से की तथा दिल्ली से ही नीट के लिए कोचिंग प्राप्त की।मेहताब ने बताया कि वह प्रतिदिन 10 से 12 घंटे तक परीक्षा की तैयारी करता था। मेहताब ने कहा कि उन्हें समय-समय पर अपने माता-पिता एवं अध्यापकों से मार्ग दर्शन मिलता रहा। मेहताब ने बताया कि शाहाबाद में बॉयो विषय में उन्होंने प्राध्यापक रजत मदान से भी समय-समय पर गाईडेंस ली। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापकों को दिया।

# ऋषभ ने नेशनल स्कूल गेम्स में जीता गोल्ड मेडल

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा, ऋषभ पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर चमकाया है हरियाणा का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ी ऋषभ ने नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित 66 वें नेशनल स्कूल गेम्स के ताइक्वांडो मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा प्रदेश व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है । बुधवार को स्कूल परिसर में ऋषभ का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पदक विजेता को बधाई देते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।
प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि 6 से 11 जून तक आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स के ताइक्वांडो मुकाबले में शुरूआत से ही ऋषभ ने अपनी आक्रामक क्षमता का जबर्दस्त तरीके से प्रदर्शन किया । अंडर-45 किलो वजन भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में उसने गोवा के खिलाड़ी को शिकस्त देकर गोल्ड मेडल जीत लिया । इससे पहले उसने दिल्ली, सीबीएसई, नागालैंड व गुजरात के खिलाड़ियों को हरा कर फाइनल तक सफर तय किया । विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन ने भी



कहा कि ऋषभ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है । वह सब जूनियर स्तर से ही अपना जलवा दिखा रहा है । राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उसने अनेकों बार खिताब जीतकर स्कूल व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है । ऋषभ अपनी शानदार सफलता से बेहद उत्साहित है। उसका सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करना है। इसके लिए वह अपने कोच सत्यनारायण के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास कर रहा है। शहर के जीवन विहार, देवडू रोड निवासी ऋषभ के पिता ज्ञान सिंह व माता जानकी भी उसकी सफलता से खासे उत्साहित हैं। इस मौके पर स्कूल के सीईओ संजय जैन ने बताया कि उसे विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्कालरशिप व खेल संबंधी सुविधाएं लगातार मुहैया करवाई जा रही है।

# डीसी ने पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**प्रदेश सरकार** के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रंखला में हरियाणा उदय कार्यक्रम के अर्न्तगत जिले के ब्राह्मद्दण माजरा गांव में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मेडिकल कैंप का उद्घाटन कर किया। यह मेडिकल कैम्प जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए लगाया गया। इस मेडिकल कैम्प में सैकड़ों ग्रामीणों ने डाक्टरों की टीम से स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस



दौरान गांव में जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान आरंभ कर हमार गांव साफ-सुथरा का भी संदेश दिया गया। इस दौरान डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने गांव के राजकीय स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने पौधारोपण के दौरान आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

# पहले एनडीसी का मतलब नो ड्यूज सार्टिफिकेट था भाजपा सरकार ने मतलब बदलकर नंबर दो सार्टिफिकेट कर दिया: चित्रा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता विनोद धीमान व कार्येकताओं द्वारा जगाधरी गेट अम्बाला शहर में एनडीसी के विरोध में 3 दिवसीय अनशन रखा है।भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए चित्रा सरवारा ने कहा की इस सरकार ने एनडीसी का मतलब ही बदल दिया"नो ड्यूज सार्टिफिकेट"को बदलकर इस सरकार ने बना दिया"नंबर दो सार्टिफिकेट"मतलब नंबर दो मे पैसे दो और तुरंत जारी होगा सार्टिफिकेट। इस अवसर पर जगाधरी गेट पर चल रहे अनशन पर लोगो व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चित्रा ने कहा की हरियाणा सरकार ने आपदा में अवसर ढूंढते हुए एनडीसी की आड़ में जनता को ठगने की नयी योजना साध ली है कउन्होंने कहा की अम्बाला शहर की लगभग साठ हजार प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे पिछले पांच सालों से चल रहा है। पूरे हरियाणा का लगभग सात सौ करोड का टेन्डर देकर सरकार ने एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को सर्वे करने का ठेका दिया गया।आरोप लगे की कंपनी के लोगों ने जनता के बीच जाकर सर्वे करने की बजाये घर बैठे ही प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे गलत तरीके से कर दिया। फिर उनको ठीक करवाने के लिए लोगों को धक्के खाने के लिए छोड़ दिया। गलतियां प्रशासन या कंपनी की तरफ से हुई लेकिन अर्थिक भुगतान और परेशानिया जनता के हिस्से में डाल दी गई। प्रॉपर्टी आईडी क्योंकि एनडीसी के लिए अनिवार्य है,लोगों के पास कोई रास्ता नहीं बचा। भ्रष्टाचार और कुशासन के नीचे सालों से अम्बाला शहर की जनता और प्रॉपर्टी डीलर त्राहि-त्राहि कर रहे है और सरकार का निवारण का आइडिया है कि अब पांच हजार देकर सारे काम 'तत्काल' दो दिन में करवा सकती है जनता। अगर सरकार और अफसर तत्काल ये काम कर सकते हैं तो ये इनका दायित्व है, इसके लिए पैसे कैसे?





उन्होंने कहा कि आज लोगो के मन मे यही सवाल चल रहे हैं कि ये पैसे देकर जब चाहें,काम करवा ले कोई,तो फिर ये सरकार और सरकारी स्कीम कैसी?

**पांच हजार जनता क्यों दे:-**
चित्रा ने कहा कि आज भाजपा सरकार का एक फरमान कुछ दिन पहले जारी हुआ है कि जिसको तत्काल एनडीसी करानी है वो पांच हजार रुपये दे और दो दिन में एनडीसी ले। चित्रा ने कहा की सरकार ने लोगो तो ठगने के नए नए तरीके बना लिए है। उन्होंने कहा कि अगर पांच हजार रुपये लेकर काम दो दिन में नगर निगम के सरकारी कर्मचारी कर सकते हैं तो आम आदमी के काम को दो से तीन महीने क्यों लगाती है सरकार?


**▶▶ एनडीसी भी मिल जाएगी इसका मतलब स्पष्ट है कि सरकार चाहे तो एक आम आदमी के काम को दो दिन में कर सकती है**

**डिजिटल इंडिया का क्या फायदा अगर सहूलियत की जगह वसूली का माध्यम बन रही है डिजिटल सुविधाः** उन्होंने कहा की दो दिन में प्रोपर्टी आईडी भी ठीक हो जाएगी और एनडीसी भी मिल जाएगी इसका मतलब स्पष्ट है कि सरकार चाहे तो एक आम आदमी के काम को दो दिन में कर सकती है सरकार ने ठान लिया है कि लोगो का काम एक नंबर में करने की बजाए दो नंबर में करेगे और लोगों से दो नम्बर की रिश्वत अब सरकार ही एक नंबर में लेना शुरू कर देगी?
उन्होंने कहा कि जिस भी कम्पनी के पास प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने का ठेका है सरकार उसको लगभग साठ हजार लोगों की आईडी गलत करने के जुर्म में सजा क्यों नहीं दिलवाती या उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराती?क्या इस सारे खेल के पीछे कोई सरकार का ही आदमी काम कर रहा है क्या? उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मांग करते हुए कहा की जनता पहले ही आपकी सरकार द्वारा लगाए गए बेबुनियाद टैक्सो की सताई घूम रही है।पांच हजार लेकर दो दिन में काम करने की बजाएं सरकार इसको रूटीन वर्क में क्यों नहीं कर सकती?
क्या सरकार भी अब दो नंबर में पैसे लेकर काम करेगी? उन्होंने जनता के हित मे मांग करते हुए कहा की जनता को राहत देते हुए ये पांच हजार लेकर एनडीसी देने का अपना यह फरमान वापिस लेकर लोगो को रूटीन में एक दिन में ही एनडीसी जारी करके राहत देने का काम करे। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'समाज की भलाई का कार्य करें लोक सेवक'

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में नैतिकता शिविर को किया संबोधित, साढ़े तीन लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाएगा नैतिकता का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जन सेवा के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने व पराये के भेद से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए कार्य करें। प्रदेश के साढ़े तीन लाख अधिकारियों व कर्मचारियों के मन में जनसेवा की भावना विकसित करने के लिए अब सामान्य कार्मिक प्रशिक्षण के साथ नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह बात बुधवार को गुरुग्राम के सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरुग्राम द्वारा आयोजित नैतिकता शिविर को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मनोहर लाल ने अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी लोकहित में समर्पित होकर लोक सेवक के रूप में करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े एक संस्मरण का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री बनने से पूर्व जब उनसे सबसे बड़ी चुनौती का सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया था कि राजनीति और उससे जुड़े लोगों की छवि को बदलने का लक्ष्य लेकर वह चलेंगे। प्रधानमंत्री बनने के उपरांत उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करके भी दिखाया। वर्तमान सरकार पर किसी प्रकार का दाग न होना इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सरकारी सेवा में आने के उपरांत लोक सेवक के मन में यह संस्कार होना चाहिए कि उन्हें समाज की सेवा की जिम्मेवारी मिली है। नैतिकता बताई तो जा सकती है लेकिन इसे समझाया नहीं जा सकता। यह तो ऐसा भाव है जिसे जीवन में लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्ष के कार्यकाल में उन्हें इस बात का गर्व है कि समाज की सेवा के माध्यम से प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इसी सोच पर आगे बढ़ते हुए छोटी-छोटी बातों का ध्यान कर हम अपने हरियाणा को अच्छा-दिव्य व गौरवशाली बनाने में सक्षम होंगे।





### 'अच्छे मानव संसाधन से ही देश आगे बढ़ता है'

**कार्यक्रम** को रामकृष्ण मिशन के स्वामी सर्वलोकानंद ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुशासन के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही व विश्वसनीयता का होना बेहद आवश्यक है। इसके लिए निस्वार्थ का भाव नैतिकता की आधारशिला है जो कि मानवीय जीवन का केंद्रबिंदु भी है। उन्होंने नैतिकता शिविर का प्रदेश के मानव संसाधन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। अच्छे मानव संसाधन से ही देश आगे बढ़ता है।
देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम : मुख्य सचिव संजीव कौशल ने नैतिकता शिविर के आयोजन व हिपा द्वारा आरंभ कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हरियाणा देश में ऐसा पहला राज्य है जहां से आचरण में नैतिकता व पवित्रता लाने की सोच का कार्यक्रम शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से प्रदेश के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जोड़ा जाएगा। वहीं हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, गुरुग्राम की महानिदेशक चंद्रलेखा मुखर्जी ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार जताया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**ट्रेनिंग**

● समुद्र नदियों का जल बटोर लेता है लेकिन उसके एक गिलास पानी से इंसान की प्यास नहीं बुझती

**समुद्र का भाव बटोरना, बादल का भाव बांटना:** इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने भी नैतिकता के विषय को गीता के विभिन्न श्लोकों व महाभारत से जुड़े प्रसंगों के साथ बड़े ही सहज भाव से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को समझाया। उन्होंने समुद्र और बादल का एक उदाहरण देकर बताया कि समुद्र नदियों का जल बटोर लेता है लेकिन उसके एक गिलास पानी से इंसान की प्यास नहीं बुझती। वहीं प्रकृति में बरसात देने का भाव छिपा है, जिसके चलते बादलों से बरसने वाली हर बूंद मानवता का कल्याण करती है। उन्होंने नैतिकता शिविर के आयोजन को सार्थक बताते हुए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की और गीता की उपदेश स्थली हरियाणा को इस तरह प्रेरक कार्यक्रम नई लोकप्रियता दिलाएगा।

# क्षेत्र में टैंकरों से सप्लाई सुनिश्चित करें: डा. बनवारी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि अधिकारी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य के नागरिकों को बेहतर पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करें। यदि किसी क्षेत्र में पेयजल सप्लाई में कोई दिक्कत आती है तो उस क्षेत्र में टैंकरों से पेयजल की पूर्ति जाए। जनस्वास्थ्य मंत्री विभाग के अधिकारियों के साथ पेयजल आपूर्ति को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जनस्वास्थ्य मंत्री ने राज्य में चल रही पेयजल योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की और उन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल सुलभ करवाना विभाग का दायित्व एवं जिम्मेवारी है। इसलिए विभाग के अधिकारी जिम्मेवारी से कार्य करें और किसी भी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या नहीं आने दें। डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी लोगों को निर्बाध रूप से पेयजल सप्लाई मिले। इसके लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जिला एवं राज्य स्तरीय निगरानी कमेटी के समक्ष क्षेत्रवार आई पेयजल समस्या और कमेटी द्वारा उसके समाधान के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।
जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नांगल चौधरी में पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए टैंकरों से पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा इस क्षेत्र में बनाए जा रहे जलघरों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में अधिकारियों ने अवगत करवाया कि राज्य के कई गांवों में ट्यूबवेल लगाने का कार्य किया जा रहा हैं।
अधिकारी जलस्त्रोत का करें निरीक्षण: जनस्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में चल रही पेयजल योजनाओं व जल स्त्रोत का नियमित रूप से निरीक्षण करें। विशेषकर उन क्षेत्रों को ज्यादा प्राथमिकता दें जहां पर पानी की किल्लत आ रही है। दक्षिणी हरियाणा में निरंतर पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए जल घरों की सफाई करवाना भी सुनिश्चित करें।

**पेयजल**

● दक्षिणी हरियाणा में निरंतर पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए जल घरों की सफाई करवाना भी सुनिश्चित करें

# सीएम विंडो पर आने वाले शिकायतों का तय समय सीमा में किया जाए पूरा: देवेंद्र

**निर्देश**

● शिकायत पर जांच होने के बाद फील्ड से रिपोर्ट आने पर मुख्यालय स्तर पर उस पर तुरंत फैसला लिया जाए

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई) देवेंद्र सिंह ने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाले शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को उसकी समस्या का त्वरित समाधान मिले। देवेंद्र सिंह ने यह बात आज यहां सीएम विंडो ग्रीवेंसिस की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो की जो शिकायतें मुख्यालय स्तर पर पेंडिंग है उन्हें एक सप्ताह के भीतर निपटाया जाए। यदि एक सप्ताह तक मुख्यालय स्तर पर समाधान नहीं किया जाता तो इसके लिए सम्बधित विभाग के नोडल अधिकारी जिम्मेवार होंगे और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिकायत पर जांच के बाद एफआईआर दर्ज होती है और उस केस में रिकवरी होनी है तो उस रिकवरी को तुरंत करवाया जाए इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।
देवेंद्र सिंह ने कहा कि सीएम विंडो पर दर्ज किसी भी शिकायत पर जांच होने के बाद फील्ड से रिपोर्ट आने पर मुख्यालय स्तर पर उस पर तुरंत फैसला लिया जाए। उन्होंने इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय, विकास एवं पंचायत और गृह विभाग के अधिकारियों को शिकायतों की प्रेजेंटेशन तैयार करने और उनका रिव्यू कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।



# एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर ठगी के आरोप में पांच दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंचकूला पुलिस** की साइबर टीम ने राजस्थान के उदयपुर में छापा मारकर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करते थे। पुलिस ने इनके पास से 24 मोबाइल व पांच एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों को बुधवार को कोर्ट में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पंचकूला में एक पीड़ित के साथ 1.18 लाख रुपये की ठगी की रिपोर्ट साइबर थाना पंचकूला में दर्ज करवाई थी। आरोप है कि शिकायतकर्ता का नाबालिग बेटा घर पर इन्टरनेट पर काम कर रहा था, उसे एक लिंक भेजा गया, जिस लिंक पर क्लिक करते ही व्हाट्सएप पर आरोपियों ने लडकियों की फोटो भेजीं और उससे पांच सौ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद दबाव बनाकर होटल की बुकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद शातिरों ने नाबालिक लड़के पर डरा धमकाकर लडकी के नाम पर क्यूआर कोड भेजकर कई बार में करीब एक लाख 18 हजार 500 रुपये की राशि ठग ली।उपायुक्त ने बताया कि साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने राजस्थान के उदयपुर में रेड मार कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान गांव गलियाणा जिला डूंगरपुर राजस्थान निवासी राजेन्द्र पतिदार, मनीष पटिदार, मोहन लाल, दिलिप पटिदार तथा राहुल ननोमा के रूप में हुई।

# पहलवानों के समर्थन में बंद का असर, खाप नेताओं और किसानों ने रोहतक-दिल्ली मार्ग रोका

**विरोध**

● ताजा सूरत-ए-हाल यह है कि खाप पंचायतों के प्रतिनिधि झज्जर के बहादुरगढ़ में जमा हो गए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पहलवानों के** समर्थन में खाप पंचायतों के आहूत हरियाणा बंद के मद्देनजर राज्य में सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त किया गया है। इस बीच खाप नेताओं और किसानों ने रोहतक-दिल्ली मार्ग को रोक दिया है। उल्लेखनीय है यह पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। हरियाणा बंद का ऐलान तीन दिन पहले झज्जर जिले के बहादुरगढ़ स्थित मांडोठी टोल प्लाजा पर हुई जनता संसद में किया गया था। हरियाणा के कई राजनीतिक दल बंद का समर्थन कर रहे हैं। ताजा सूरत-ए-हाल यह है कि खाप पंचायतों के प्रतिनिधि झज्जर के बहादुरगढ़ में जमा हो गए हैं। रोहतक-दिल्ली मार्ग पर जाम लगा दिया है। कैथल, हिसार, जींद आदि शहरों में किसान व खाप नेता टोल प्लाजा पर धरने पर बैठ गए हैं। अधिकारियों ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि अगर जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकलें।



# हरियाणा एक बार फिर महंगाई में टॉप पर: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**बेरोजगारी,** भ्रष्टाचार और अपराध के साथ हरियाणा ने एकबार फिर महंगाई में टॉप किया है। एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ों ने बता दिया है कि प्रदेश की जनता लगातार महंगाई की चक्की में पिस रही है। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा महंगाई को लेकर आई एनएसओ की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई इस कदर विकराल हो गई है कि उसने तमाम राज्यों के साथ आरबीआई द्वारा तय महंगाई के उच्चतम स्तर को भी पार कर लिया है। आज प्रदेश में 6.04% महंगाई दर है। ग्रामीण क्षेत्र में 7.12% महंगाई दर आंकी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में दूध, सब्जी, फल से लेकर रोजमर्रा की चीजों के रेट पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए रसोई का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हरियाणा में आस-पड़ोस के तमाम राज्यों से सस्ता पेट्रोल और डीजल मिलता था। क्योंकि, प्रदेश में वैट की दर सबसे कम थी। लेकिन बीजेपी-जेजेपी सरकार ने वैट को बढ़ाकर दोगुना कर दिया। इसका असर तमाम चीजों के दामों पर देखने को मिला, जिसकी तस्दीक खुद सरकारी आंकड़े कर रहे हैं। जब से बीजेपी सत्ता में आई है तभी से आटा, दूध, घी, सरसों तेल, दाल, रसोई गैस समेत लगभग प्रत्येक वस्तु के दाम दोगुने या दोगुने से ज्यादा हो गए हैं। जबकि आम लोगों की आमदनी में कोई इजाफा होने की बजाय लगातार कमी आती जा रही है। हुड्डा ने कहा कि पिछले दिनों ही सरकार ने बिजली की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी की थी। इससे पहले सरकार ने पानी की दरों को बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने का काम किया था। अब सरकार रोजमर्रा की जरूरतों के साथ शिक्षा को भी महंगी करने जा रही है। सरकार ने यूनिवर्सिटीज को फंड देने से स्पष्ट इनकार कर दिया है।

**साधा निशाना**

● महंगाई इस कदर विकराल हो गई है कि तमाम राज्यों के साथ आरबीआई द्वारा तय महंगाई के उच्चतम स्तर को भी पार कर लिया

# 21 जून को योग दिवस मनाने की तैयारी जोरों पर

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल पानीपत में करेंगे योग, योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन अभ्यास किए जा रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा में** 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने की तैयारी जोरों पर है। सरकारी व गैर-संगठनों द्वारा 21 जून के महत्व को देखते हुए योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन अभ्यास किए जा रहे हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष निदेशालय, हरियाणा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पानीपत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मुख्य अतिथि होंगे। इसी प्रकार, योग दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता कुरुक्षेत्र में, विधान सभा उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा भिवानी में, गृह एवं स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज अंबाला में,स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल यमुनानगर में, मूलचंद शर्मा पलवल में, ऊर्जा मंत्री,चौधरी रणजीत सिंह फतेहाबाद में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी.दलाल सोनीपत में, सहकारिता मंत्री, डॉ. बनवारी लाल नारनौल (महेन्द्रगढ़) में, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रोहतक में, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली हिसार में, सैनिक व अर्ध-सैनिक कल्याण राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव झज्जर में, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढ़ाडा जीन्द में व श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक कैथल में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।
प्रवक्ता ने बताया कि केन्द्रीय सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन व योजना राज्य मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह रेवाड़ी में, भारी उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम व ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल फरीदाबाद में योग दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। इसी प्रकार, सांसद धर्मबीर सिंह गुरुग्राम में, सांसद संजय भाटिया करनाल में, डॉ. अरविन्द शर्मा चरखी दादरी में, सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल सिरसा में व राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार नूंह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि जो मंत्री व सांसद योग दिवस पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे उनमें सांसद नायब सिंह सैनी यमुनानगर में, सांसद बृिजेन्द्र सिंह फतेहाबाद में में योग करेंगे।



# देश और प्रदेश की सरकारों ने आम आदमी को दिया धोखा: अभय



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**/सिरसा
इनेलो की हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा रानियां विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पहुंच चुकी है। अहम बात ये है कि इन सभी गांवों में इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में चल रही यात्रा को बड़े उत्साह और जोश के साथ स्वागत किया जा रहा है। यात्रा गांव खारियां, जोधपूरिया, फतेहपूरिया, शेखुपूरिया, कर्मगढ़, साहुवाला प्रथम में पहुंची और रात्रि पड़ाव गांव पन्नीवाला मोटा में होगा। गांव खारियां में हुई एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने केंद्र सरकार की कड़ी शब्दों में आलोचना की।

### शिव नारायण ज्वैलर्स ने 8 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब हासिल कर इतिहास रचा

**पानीपत।** प्रतिष्ठित ज्वैलर शिव नारायण ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 8 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब हासिल करके एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है और उन्हें इस तरह का प्रतिष्ठित मील का पत्थर हासिल करने वाले इतिहास में पहले भारतीय जौहरी के रूप में स्थापित किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए, हैदराबाद में आकर्षक ताज फलकनुमा पैलेस में एक भव्य उत्सव आयोजित किया गया, जो शिव नारायण की समृद्ध विरासत का सम्मान करने के लिए एक उपयुक्त स्थान है। इस कार्यक्रम में सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों और प्रसिद्ध हस्तियों की उपस्थिति देखी गई, जिसमें बॉलीवुड की फैशन आइकन दिशा पटानी भी शामिल थीं, जिन्होंने शिव नारायण के उच्च आभूषणों से सजी रैंप पर उतरीं।

# किसानों के साथ हुए समझौते को ईमानदारी से लागू करे सरकार: दीपेन्द्र

## सरकार किसानों को खुद का जारी किया हुआ न्यूनतम समर्थन मूल्य भी देना नहीं चाहती, एमएसपी है, थी और रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा के किसानों के शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से किये गए संघर्ष की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ हुए समझौते को ईमानदारी से और तुरंत लागू करे। उन्होंने हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि किसानों के साथ धोखा न हो जैसा गत वर्ष कृषि कानूनों की वापसी के समय किसान संगठनों और सरकार के बीच हुए समझौते में हुआ था, जिसे आज तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कल किसानों के साथ सूरजमुखी की टरढ पर खरीद और गिरफ्तार किसानों की रिहाई समेत उन पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का जो समझौता हुआ है, सरकार उसे लटकाने की नीति न अपनाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग करी कि सरकार अविलम्ब किसानों के साथ हुए समझौते को पूरा करे, किसानों के साथ हुई सहमति के विश्वास को तोड़ने की कोशिश न करे। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार पर से किसानों का विश्वास उठना प्रजातंत्र में कोई अच्छे संकेत नहीं हैं। एक बात तो सरकार की समझ में आ ही गयी होगी कि किसान जब ठान लेता है तो फिर वो न रुकता है, न झुकता है। ये सरकार भविष्य के लिए भी सबक सीख ले कि किसान से टकराना नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने देश के किसान के साथ एक बार नहीं बार-बार धोखा किया है। एक साल तक चले किसान आंदोलन के दौरान 9 दिसंबर, 2021 को किसान संगठनों और सरकार के बीच एमएसपी कमेटी गठित करने का जो समझौता हुआ उससे भी अब तक लागू नहीं किया गया है। सरकार अपने समझौते से ही मुकर गयी। दीपेन्द्र हुड्डा ने यह भी कहा कि 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने के वादे को तो बीजेपी सरकार ने हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख और हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने की तर्ज पर चुनावी जुमले वाली लिस्ट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के समय भी देश की अर्थव्यवस्था को किसानों ने ही संभाला था। कृषि क्षेत्र की प्रगति से ही अर्थव्यवस्था का पहिया रुका नहीं और चलता रहा। इसी प्रकार, पहले भी जब देश की आबादी 30 करोड़ थी तो हम बाहर से अनाज मंगाकर खाते थे, आज हिंदुस्तान के किसान अपना खून-पसीना एक करके 135 करोड़ लोगों का पेट भर रहे हैं। लेकिन सरकार किसानों को खुद का जारी किया हुआ न्यूनतम समर्थन मूल्य भी देना नहीं चाहती। एमएसपी है, थी और रहेगी' का दावा करने वालों से दीपेन्द्र हुड्डा ने अपना पुराना सवाल फिर दोहराया जो उन्होंने संसद में लगातार पूछा कि टरढ घोषित तो होगी पर क्या किसान को मिलेगी? अगर सरकार एमएसपी घोषित करेगी लेकिन देगी ही नहीं तो किसान क्या करेंगे?



**सलाह**

● हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि किसानों के साथ धोखा न हो जैसा गत वर्ष हुआ था: हुड्डा

# जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

## सीजेएम ने कैदियों की सुनी समस्याएं

**▶▶ जयंती को यादगार बनाने के लिए संविधान चेतना मंच के सदस्यों ने अंबेडकर चौपाल गन्नौर में बैठक कर रुपरेखा तैयार की**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर द्वारा जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 5 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 5 केस में 5 के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया। सीजेएम ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये कम है ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत में जेल अधीक्षक अमित भादू, उप-जेल अधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज एवं जसवंत उपस्थित रहे। उप-जेल अधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि वह सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं।

# 'अधिकारी विकास कार्यों के लिए पैसे की चिंता मत करें'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **घरौंडा** विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री की घोषणाओं को प्राथमिकता दें और उन विकास कार्यों के अनुमानित लागत तैयार की जाए, पैसे की चिंता मत करें, फंड उपलब्ध करवा दिया जाएगा, सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है, मगर उसका दुरूपोग न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी विकास कार्यों को लेकर गंभीरता से कार्य करें और स्वयं मौका निरीक्षण करें, दूसरों की रिपोर्ट पर निर्भर न रहें। विधायक बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरौंडा विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करें, अगर कहीं पर भी कोई दिक्कत आती है तो इस बारे तुरंत अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे फुट ओवर ब्रिज के कार्य में उच्चाधिकारी रेलवे अधिकारियों के साथ बातचीत करें और उसका समाधान करवाएं।

# मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काब




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **सीआईए वन** की टीम द्वारा मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस टीम ने गत आरोपी मोहित कुमार पुत्र सुभाष सिंह चोपड़ा वासी शिव कॉलोनी करनाल को विश्वसनीय सूचना पर शिव कॉलोनी करनाल डब्ल्यूजेसी नहर से गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी वारदात के समय व फिलहाल जोमैटो कंपनी में काम कर रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने मोबाइल बेचकर पैसे कमाने के लालच में मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

# भाजपा कार्यालय में हुआ वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन का आयोजन

## वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने परिचर्चा के साथ किया सहभोज




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **महाजनसंपर्क** अभियान के अंतर्गत करनाल जिला की सभी 5 विधानसभाओं में वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन चलाया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिक भोजन परिचर्चा की जिला संयोजक चेयरमैन निर्मला बैरागी को बनाया गया है, जिनकी देखरेख में यह कार्यक्रम हो रहे हैं। इस महा-जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में करनाल विधानसभा का वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में संपन्न हुआ, जिसमें सभी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ भोजन पर परिचर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण, इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड चेयरमैन निर्मला बैरागी, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रमुख डॉ. अशोक कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे। वरिष्ठ कार्यकताओं से हुई इस चर्चा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं ने अपने पूर्व कालीन अनुभवों को साझा किए। वरिष्ठ कार्यकताओं ने बताया कि किस पर प्रकार भाजपा लम्बे संघर्ष के बाद सत्ता तक पहुंची और कार्यकताओं ने पार्टी को सत्ता तक पहुंचाने के लिए कितनी यातनाओं को झेला। वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेम कपूर, अतर सिंह संधू, संतोष अत्रेजा, निरुपमा सदर एवं अशोक मदान सहित अन्य कई वरिष्ठ कार्यकताओं ने अपने विचार रखे एवं सहभोज भी किया गया। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा द्वारा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया।

# रक्तदाता द्वारा किए गए रक्त की पूर्ति 48 घंटे में हो जाती है: डा. वैशाली शर्मा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला** रेडक्रॉस सोसाईटी सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि महासचिव भारतीय रेडक्रॉस हरियाणा राज्य चंडीगढ़ डॉ. मुकेश अग्रवाल के निर्देश और उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान अनीश यादव के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला रेडक्रॉस सोसाईटी व अंतर्राष्ट्रीय संस्था निफा के सहयोग से गोल्डन मोमेंट में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा रोडवेज व अन्य 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 18 वर्ष से 65 वर्ष तक की आयु के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। इस अभियान को और तेज करने की जरूरत है तथा इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है और युवाओं को इसमें बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए।

# शहर की ओल्ड अनाज मंडी स्थल पर नगर निगम बना रहा कॉमर्शियल स्पेस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि शहर की ओल्ड अनाज मंडी स्थल पर कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट पर काम शुरू है। इसके लिए पहले साईट की बेरीकेडिंग की गई, फिर खुदाई का काम किया गया। डबल बेसमेंट के लिए जमीन को नीचे तक गहरा खोदा जा रहा है, जिसका करीब 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद इस प्रोजेक्ट पर कॉमर्शियल बिल्डिंग बनाई जाएगी। प्रोजेक्ट की अवधि करीब 18 महीने की है और 5 साल का ओ.एन.एम. यानि संचालन एवं रख-रखाव भी रहेगा।

# छबील लगाने के दौरान पैदा हुए विवाद को सुलझाया




**▶▶ साधक कक्षा में पहुंचे और विभिन्न तरह के योगाभ्यास किए, जिसमें विशेषत: सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला के थाना निसिंग के एरिया के गांव कतलाहेडी चौक पर दो समुदायों के बीच हुए विवाद को पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने दोनों समुदायों के साथ वार्ता करके सुलझा दिया है। समुदाय के लोगों ने विवाद खत्म करने, आपसी भाईचारा कायम रखने व इस प्रकार की घटना दोबारा घटित नहीं होने देने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि गांव कतलाहेड़ी चौक पर 6 जून को सिख समुदाय के लोगों द्वारा पानी की छबील लगाने के दौरान हुए आपत्तिजनक पोस्टर लगाने के कारण गांव बांसा, कतलाहेडी व आसपास के गांवों दो विभिन्न समुदायों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान मुकुल वासी राहडा अपनी पत्नी के साथ अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। जब वह कतलेहडी गांव के बस अड्डे पर पंहुचा तो सिख समुदाय के कुछ लोगों ने उसका रास्ता रोकर उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।
इस संबंध में थाना निसिंग में मामला दर्ज किया गया था।
जिसके बाद इस मामले को लेकर लोगों ने 11 जून को रास्ता जाम कर दिया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए एक अन्य मामला दर्ज किया गया था। दोनों समुदायों के बीच मतभेद बढ़ता देख पुलिस अधीक्षक ने आपसी मतभेद मिटाने व भाईचारा कायम रखने के लिए पहल की और आज दोनों पक्षों के साथ वातार्लाप कर मनमुटाव दूर करने व मामले को सुलझाने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक मीटिंग की।

# शादी करवाने व इलाज के नाम पर 30 लाख की ठगी, गिरफ्तार




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तंत्र विद्या द्वारा लोगों की शादी करवाने व उनका इलाज करने के नाम पर एक महिला से 30 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा गत दिवस आरोपी आबिद पुत्र असरफ वासी न्यू इस्लामनगर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश हाल तयोडी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने अन्य साथी रिजवान व अजीज मलिक के साथ मिलकर पिछले काफी समय से ठगी की ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहा था। आरोपी तंत्र विद्या द्वारा शादी करवाने, इलाज करने व मनचाही इच्छा पूरी करने के विज्ञापन टीवी आदि में प्रकाशित करवाते हैं और लोगों को संपर्क करने के लिए कुछ नंबर विज्ञापन में प्रकाशित करवाते हैं। जब लोग इन नंबरों पर आरोपियों से संपर्क करते हैं तो आरोपी पहले उन लोगों से पैसे मांगते हैं और बाद में काम करने की बात करते हैं। इसी प्रकार आरोपी बहानेबाजी करते हुए उस व्यक्ति से मोटी रकम वसूल लेते हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी जिन खातों में पैसे जमा करवाते हैं, वह खाते भी फर्जी होते हैं और जो मोबाइल नंबर आरोपियों ने विज्ञापन में दिए होते हैं, वह मोबाइल नंबर भी फर्जी आईडी द्वारा जारी करवाए गए होते हैं।

# 'योग केवल क्रियाओं का प्रदर्शन नहीं, अपितु अंतर्मन के दर्शन की एकमात्र साधना'

## फव्वारा पार्क में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **नगराधीश** अमन कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल योग क्रियाओं का प्रदर्शन मात्र ही नहीं है, अपितु योग अंतर्मन के दर्शन की एकमात्र साधना है। उन्होंने कहा कि योग का पूरा लाभ लेने के लिए विशेषकर चार बातों पर ध्यान देना होगा, जिसमें सर्वप्रथम विधि, अवधि, निरंतरता व एकाग्रचित शामिल है। इसके साथ-साथ योग के प्रति विश्वास भी जरूरी है। वे मंगलवार को सेक्टर 12 स्थित फव्वारा पार्क के योग शैड में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को संबोधित कर रहे थे। नगराधीश ने कहा कि दैनिक जीवन की चुनौतियों से पार पाने के लिए शरीर को स्वस्थ रखना आवश्यक है और इसके लिए योग से जुड?ा जरूरी है। योग आध्यात्मिक अनुशासन एवं अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगाभ्यास में योग मुद्रा व एक्युप्रैशर विज्ञान का भी अपना महत्व है। जोड़ों में दर्द, घुटने दर्द, कमर दर्द, सिरदर्द व थॉयराईड जैसे रोगों से मुक्ति पाने में एक्यप्रैशर विज्ञान का बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने कहा कि योग अपनाने वाले व्यक्तियों को गम्भीर बिमारी नहीं होती और उनमें आत्मविश्वास तथा बल की वृद्धि बनी रहती है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि किसी भी प्राणायाम का अभ्यास लगातार पांच से सात मिनट तक करने पर ही उसका शरीर के अंगों पर प्रभाव पड?ा शुरू होता है। योग करने वाला व्यक्ति दिनभर ताजगी और स्फूर्ति से भरा रहता है तथा मन की स्थिरता के कारण अपनी दिनचर्या के सभी व सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। उन्होंने बताया कि आज पूरे विश्व ने योग के महत्व को मानकर इसे अपनाया है। योग के अत्याधिक महत्व के कारण ही अब यह विश्व स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग द्वारा योग के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला की 37 व्यायामशालाओं और 22 वैलनेस सैंटर पर प्रातःकालीन व सायंकालीन सत्रों में आमजन को योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के राष्ट्र पर्व के रूप में मनाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़ें। उन्होंने बताया कि 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आगामी 21 जून को करनाल की नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा।

योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज, मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी, नीलम बठला, निधि गुप्ता, अनुज जैन तथा विक्की ने आसन व क्रियाओं का अभ्यास करवाया। शिविर में योग शिक्षक डॉ. अमित पुंज ने योग के सभी आसनों का अभ्यास करवाया और फिर कपालभाति तथा अनुलोम-विलोम करवाकर उसके लाभ भी बताए।

## न्यूज फ्लैश

### नीट यूजी 2023 में रोहतक आकाश बायजूस के दक्ष अग्रवाल ने सफलता हासिल की



**रोहतक।** आकाश बायजूस रोहतक केंद्र के छात्र दक्ष अग्रवाल ने स्व-अध्ययन और कक्षा में सीखने के साथ-साथ परीक्षाओं में बैठने के लिए समय निकालने के लिए हाइब्रिड शिक्षण विधियों का उपयोग किया। उन्होंने वीकेंड्स में अपने होमटाउन से केंद्र की यात्रा की और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सप्ताह के दिनों में स्वयं अध्ययन किया। दक्ष ने नीट यूजी 2023 में 74 के एआईआर के साथ 720 में से 710 स्कोर किया। उन्होंने अपने दोस्तों से सफलता की कहानियां सुनने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का फैसला किया और अपने पाठ्यक्रम के अंत तक आकाश बायजूस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का आनंद लिया।आकाश बायजूस की रोहतक शाखा के छात्र विनायक वशिष्ठ अपनी तैयारी से जुड़े रहे और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और अपने टेस्ट स्कोर में सुधार करने के लिए खुद को प्रेरित करते रहे। अद्भुत दृढ़ संकल्प और सटीकता के साथ, उन्होंने परीक्षा में 720 में से 705 अंक प्राप्त कर 159 की एआईआर प्राप्त की।

### सोमानी सेरेमिक्स ने लॉन्च किया टाईल्स का लक्जरी समर कलेक्शन

**गुरुग्राम।** सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड, जिसे सेरेमिक टाईल्स एवं इससे जुड़े अन्य बेहतरीन प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया भर में जाना जाता है, ने राजधानी में ह्यअपनी टाईल्स के लक्जरी समर कलेक्शन का लॉन्च किया। एम्ब्रेस द एक्स्ट्राऑर्डिनरी - इग्निटिंग ए न्यू एरा ऑफ लग्जरी इन टाइल्स । यह नया कलेक्शन सेरेमिक टाईल्स में वैभव और भव्यता के नए मानक स्थापित करेगा। लॉन्च के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री अभिषेक सोमानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यसोमानी पिछले पांच दशकों से डिजाइन और इनोवेशन में अग्रणी रहा है, हम लगातार विकास की ओर अग्रसर होते हुए अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं। आज हमें इस नए बेहतरीन कलेक्शन का लॉन्च करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

## संपादकीय

# आनलाइन गेमिंग एप पर धर्मांतरण का खेल

**आनलाइन** गेमिंग एप वैसे तो कई प्रकार से समाज के लिए नुकसानदेह हैं किन्तु कट्टरपंथी इस्लामिक तत्वों के द्वारा इनका प्रयोग धर्मांतरण के लिए किया जाना एक बड़े दुश्चक्र के रूप में सामने आया है । विगत दिनों हुए एक बड़े खुलासे में आनलाइन गेमिंग एप पर धर्मांतरण कराने वाले एक गैंग का मुख्य आरोपी शहनवाज खान उर्फ बद्दो महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया गया जो अब 15 जून तक पुलिस रिमांड पर है । यही नहीं पुलिस ने मोबाइल सिम उपलब्ध करवाने वाले दोस्त तौफीक और आर्यन खान को भी गिरफ्तार किया है और आरोपियों से पूछताछ कर रही है । धर्मांतरण का आरोपी बद्दो जिस प्रकार के रहस्य उजागर कर रहा है वो चकित करने वाले हैं । अब पुलिस यह पता कर रही हे कि यह गिरोह कितना बड़ा है तथा उसके तार कहां- कहां तक फैले हैं। ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से धर्मांतरण करने का खुलासा तब हुआ जब गाजियाबाद जिले में एक युवक घर वालों से चोरी छिपे मस्जिद जाकर नमाज पढ़ने लग गया। परिवार को जब पता चला तो उन्होंने मुंबई के एक व्यक्ति समेत एक मस्जिद के मौलवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई । परिवार का आरोप है कि आरोपित पूरी दुनिया में आनलाइन गेमिंग एप के सहारे धर्मांतरण की मुहिम चला रहा है। राजनगर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उनका नाबालिग बेटा पिछले काफी समय से पूरे परिवार के साथ अजीब तरह का व्यवहार कर रहा था। वह प्रतिदिन पांच बजे जिम जाने के लिए निकल जाता था और कई- कई घंटे बाद वापस आता था।संदेह होने पर उन लोगों ने बेटे का पीछा किया तो पता चला कि वह मस्जिद में नमाज पढ़ने जाता है।उन्होंने बेटे से बात की तो उसने इस्लाम धर्म को अन्य धर्मों से बेहतर बताया।उसने कहा कि वह मन से इस्लाम धर्म स्वीकार कर चुका है।इस पर उन्होंने बेटे के मोबाइल फोन व लैपटाप की जांच की तो उसमें इस्लाम धर्म की सामग्री मिली। जांच में पता चला कि आनलाइन गेमिंग के माध्यम से उसकी पहचान मुंबई के रहने वाले बद्दो नाम के व्यक्ति से हुई थी।दो साल पहले युवक ने बद्दो से कंप्यूटर के कुछ पार्ट खरीदे थे जिसके बदले में युवक ने बद्दो को 20 हजार का भुगतान किया था।वह युवक तभी से बद्दो के प्रभाव में आ गया था। परिजनों का कहना है कि उनका बेटा बद्दो से कई-कई घंटों तक बात करता है और उसकी बात कुछ अन्य नंबरों पर भी होती है। परिजन काफी डरे हुए हैं तथा उन्हें किसी अनहोनी की आशंका है। एक आरोपी गिरफ्तार -इंटर पास छात्र के आनलाइन गेमिंग एप से धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य अब्दुल रहमान उर्फ नन्नी को गिरफ्तार कर लिया है।छात्र के अलावा दो किशोर व एक युवक का मतांतरण कराने के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने अब्दुल रहमान को मतांतरण कराने का आरोपी बनाया है क्योंकि चारों मतांतरित नियमित रूप से वहां ही नमाज पढ़ने जाते थे । इमाम का कहना है कि उसे दो माह पूर्व ही मस्जिद कमेटी से निकाला जा चुका है जबकि पुलिस जांच में इसके साक्ष्य नहीं मिले हैं। डीसीपी नगर निपुण अग्रवाल ने बताया कि छात्र के मोबाइल से मिले सात नंबरों में से एक नंबर अब्दुल का था। छात्र अब्दुल से करीब सात :आठ माह पूर्व वह जामा मस्जिद मे ही मिला था। अब्दुल ने व्हाटसएप पर उसको इस्लामिक समाग्री भेजनी शुरू कर दी थी।

# बुजुर्गों पर बढ़ता दुर्व्यवहार संस्कारहीन समाज की पहचान

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

> "बच्चों का भविष्य बनाने के चक्कर में इतना न खो जाये कि खुद के भविष्य को भी दांव पर लगाना पड़े अर्थात समय और व्यवहार की स्थिति को भांपते हुए जीवन में निर्णय लें, क्योंकि बहुत बार ऐसा होता है कि बच्चों के लिए माँ-बाप खुद को भी बर्बाद कर उन्हें सवांरते है और अगले ही पल वही बच्चें माँ-बाप को घर से अलग कर वृद्धाश्रम में भेज देते है। बुजुर्गों के लिए ऐसा व्यवहार लगातार बढ़ रहा है, इसलिए अब समाज में वृद्धाश्रम की संख्या भी बहुत बढ़ रही है। बड़े-बुजुर्ग व्यक्ति तो घर की शान होते है, घर में उनका आदर सबसे ज्यादा होना चाहिए"

**आज** के आधुनिक युग में समाज तेजी से बदल रहा है, लोग बड़े परिवार से छोटे-छोटे परिवार में विभक्त हो रहे है। युवा पीढ़ी को अपने मॉडर्न सोच पर गर्व महसूस होता है, वे अलग रहना पसंद करने लगे है, लोगों को अपना व्यक्तिगत स्वतंत्र स्थान चाहिए। बाहर पढ़ने जाना है, नौकरी करने जाना है, करियर को बुलंदी पर ले जाना है। आजकल व्यक्ति बड़ा होने के बाद अपने भूतकाल, वर्तमान को भूलकर अपने भविष्य के लिए जीना पसंद कर रहा है अर्थात अपने बुजुर्ग माता-पिता द्वारा किये गए त्याग, समर्पण, संघर्ष और कार्य को भूलकर सिर्फ अपने खुद के भविष्य और अपने बच्चों के लिए विचार करने लगा है, परन्तु जिस वजह से वह इतना काबिल जिम्मेदार बना है उसे वह भूल रहा है, तो फिर ऐसे परिस्थिति में घर के उन बुजुर्गों की जिम्मेदारी किसके भरोसे छोड़ रहे है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के बढ़ते मामलों को उजागर करने और इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जागरूकता स्वरुप ह्वविश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवसह्व प्रत्येक वर्ष 15 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 की थीम "सर्किल बंद करना : वृद्धावस्था नीति में लिंग आधारित हिंसा, कानून और साक्ष्य आधारित प्रतिक्रियाओं को संबोधित करना" यह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 में से लगभग 1 व्यक्ति ने दुर्व्यवहार का अनुभव किया है। दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं जैसे संस्थानों में वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर अधिक है। कोरोना महामारी के दौरान वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर में वृद्धि हुई है। वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार से गंभीर शारीरिक चोटें और दीर्घकालिक मनोवैज्ञानिक परिणाम हो सकते हैं। वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार बढ़ने की भविष्यवाणी की गई है क्योंकि कई देशों में तेजी से उम्र बढ़ने वाली आबादी का सामना करना पड़ रहा है। 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की वैश्विक जनसंख्या 2015 में 90 करोड़ से बढ़कर 2050 में लगभग 200 करोड़ हो जाएगी। हेल्प एज इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के तकरीबन 82% बुजुर्ग अपने परिवारों के साथ रहते है, लेकिन वे अक्सर मौखिक दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शारीरिक हिंसा



का शिकार होते है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 35% बुजुर्गों ने अपने बेटों द्वारा दुर्व्यवहार का सामना किया और 21% ने अपनी बहुओं द्वारा दुर्व्यवहार की सूचना दी है। एजवेल फाउंडेशन ने इस विषय पर अपने अध्ययन में पाया कि 73% वृद्ध लोगों ने लॉकडाउन के दौरान अपने घरों में विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहारों को सहन करने की सूचना दी। आज समाज में हर तरफ बुजुर्गों के प्रति बढ़ते दुर्व्यवहार की खबरें देखने-सुनने मिलती है, जो समय के साथ तेजी से बढ़ कर अमानवीय स्तर पर जा पहुंची है। सोशल मीडिया पर भी इस विषय से संबंधित वीडियो खूब वायरल होते रहते है। बुजुर्गों से दुर्व्यवहार अर्थात उन्हें जीते जी नर्क यातना देने जैसा है और बहुत शर्म की बात है कि यह यातनाएं उन्हें उनके अपने लोग दे रहे है। आज समाज में वह भी संपन्न वर्ग है जो बड़े शहरों या विदेश में जाकर बैठा है और उनके माँ-बाप यहाँ उनके आने की राह देखते हुए जिंदगी से विदा लेते हुए प्राण त्याग देते है फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में भी नहीं आना चाहते है। धन दौलत प्राप्त करने के लिए, काम करवाने या उनकी सेवा न करनी पड़े इसके लिए बुजुर्गों पर अत्याचार किया जाता है। जो बच्चे अपने बुजुर्गों से दुर्व्यवहार कर सड़कों पर भिखारी की तरह या वृद्धाश्रम में लावारिस की तरह छोड़ देते है, अगर यही काम बुजुर्गों ने भी अपनी जवानी में अपने इन बच्चों को अनाथाश्रम या सड़क पर छोड़ा होता तो शायद वो आज ऐसे बुरे दिन नहीं देखते। बुजुर्गों पर बढ़ते दुर्व्यवहार के लिए आधुनिक जीवनशैली और संस्कारहीन समाज जिम्मेदार है। आधुनिक हमारे विचार होने चाहिए संस्कार नहीं। बड़े अपने बच्चों के सामने बुजुर्ग से दुर्व्यवहार करते है फिर बच्चे बड़ों का अनुकरण करते हुए अपने माँ-बाप से वैसा ही दुर्व्यवहार करते है और ऐसा ही सिलसिला चल पड़ता है।

समाज में अच्छाई दिखानेवाले बड़े-बड़े लोग भी अपने घर में बुजुर्गो से गलत व्यवहार करते नजर आते है। बुजुर्गों को सबसे ज्यादा अपनों के सहारे की जरूरत इसी उम्र में पड़ती है और यही वक्त है हमें उनका मजबूत सहारा बनकर उनके साथ रहने का। पहले मां-बाप बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करते है, फिर बच्चे बड़े होकर उन बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करते है, यही संस्कार और जीवन का नियम है। जितना लगाव माँ-बाप का अपने बच्चों के लिए रहता है, उतना ही लगाव हमें अपने बुजुर्गों से होना ही चाहिए। समय और मतलब निकल जाने के बाद अपनों से बदलता व्यवहार इंसान का नहीं होता। माँ-बाप से एक विनती है कि वे अपनों के प्रति या बच्चों के प्रति अँधा प्रेम ना करें अन्यथा यह आपको मुश्किल में डाल सकता है।

बच्चों का भविष्य बनाने के चक्कर में इतना न खो जाये कि खुद के भविष्य को भी दांव पर लगाना पड़े अर्थात समय और व्यवहार की स्थिति को भांपते हुए जीवन में निर्णय लें, क्योंकि बहुत बार ऐसा होता है कि बच्चों के लिए माँ-बाप खुद को भी बर्बाद कर उन्हें सवांरते है और अगले ही पल वही बच्चें माँ-बाप को घर से अलग कर वृद्धाश्रम में भेज देते है। बुजुर्गों के लिए ऐसा व्यवहार लगातार बढ़ रहा है, इसलिए अब समाज में वृद्धाश्रम की संख्या भी बहुत बढ़ रही है। बड़े-बुजुर्ग व्यक्ति तो घर की शान होते है, घर में उनका आदर सबसे ज्यादा होना चाहिए। बुजुर्ग व्यक्ति परिवार को संभाले होते है, जिस घर में बुजुर्ग नहीं होते वहां परंपरा, संस्कार, मयार्दा, रिश्ते-नाते, पीढ़ियों से बनी पहचान छिन्न-भिन्न होने की संभावना अधिक होती है। बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार बंद होना चाहिए। दुर्व्यवहार करनेवाले लोग भी कुछ सालो में बुजुर्ग बनकर इसी अवस्था से गुजरेंगे और कोई नहीं बता सकता कि हमारा आने वाला कल कैसा होगा। बुजुर्गों के प्रति स्नेह और अपनापन रखें, उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर उनका ख्याल रखें। जीवन में दूसरों से वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा हम दूसरों से खुद के लिए अपेक्षित करते है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी पूर्णत बच्चों की है, परिवार की है।

बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार होने पर तुरंत मदद के लिए एल्डर लाइन 14567 टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापित वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन है, यह नंबर सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक उपलब्ध रहता है, जो निः शुल्क जानकारी, मार्गदर्शन, भावनात्मक समर्थन, दुरुपयोग के मामलों के क्षेत्र में हस्तक्षेप, बेघर बुजुर्गों के बचाव, देखभाल, सहानुभूति, प्रोत्साहन और पुनर्मिलन प्रदान करता है।

हेल्प एज इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1253 पर भी कॉल कर सकते है और उनका आधिकारिक नंबर 011-41688955/56 है। हम अक्सर अपने आसपास भी बहुत बार बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार देखते है, लेकिन सब जानकर भी चुप हो जाते है, सबको सम्मान से जीने का अधिकार है, कृपया जागरूक रहें, मदद करें, अपने नैतिक मूल्यों, संस्कारों और माता-पिता के ऋण को कभी न भूलें, इंसान बनकर मानवता के साथ जिएं।

## कविता

### उसे हंस लेना चाहिए था

चलते चलते रुक गया वह
जाकर भी नहीं जा पाया वह
सोचने और सोचने के पहले
और फिर बाद में।

सोचना रुक सा गया था
याद आती बातों को
अपने हाथों में भींचना चाहता था
पर नहीं कर पाया ऐसा
पकड़ लेता उन यादों को,

जो पिछले सालों से
लगातार पास आकर
बिना कुछ कहे चले जाती थी
पूरी पूरी तरह दूर भी नहीं जाती
हाथों की उंगलियों की दरारों से
फिसल कर दिमाग मैं घूम फिर कर
वापस जाकर गुम हो जाती।

आती-जाती बातों से
उसका फिर हवा में
उसका सिर टकराया भी
बातें लंबी चौड़ी थी
ज्यादातर आकार नहीं होता था
फिर अपनी मिच-मिचाती आंखों से
देख नहीं पाया बातों को
बातों का चेहरा तिरछा था शायद।

संजीव
---------

# पिता मतलब आस और विश्वास!

**डॉ. घनश्याम बादल**

**जून** के तीसरे रविवार को पिता के सम्मान में मनाए जाने वाला 'फादर्स डे' इस बार 18 जून को है । 19 जून 1910 से शुरू हुई इस दिन को मनाने की परंपरा । जब वाशिंगटन के स्पोकेन शहर की सोनोरा डाड ने 1909 में मदर्स डे से प्रेरणा लेकर पहला फादर्स डे मनाया था। अमरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने 1916 में इसे मान्यता दी तो 1924 में राष्ट्रपति कॉल्विन कुलिज ने फादर्स डे को राष्ट्रीय आयोजन घोषित किया और 1966 में लिंडन जानसन ने इसे जून के तीसरे रविवार को मनाने की परंपरा डाली लेकिन इसे अधिकारिक मान्यता मिली 1972 में ।

सबसे विश्वसनीय पिता :
टूटते - दरकते रिश्तों के बीच भी पिता का रिष्ता आज भी मजबूत है । इस अनमोल रिश्ते की बात ही ऐसी है कि पिता के नजदीक आते ही बच्चों को ऐसा लगने लगता है जैसे वें किसी वटवृक्ष की छांव में आ गए हों, उन्हे एक अभेद्य कवच मिल गया हो जिसे दुनिया की कोई भी ताकत भेद नहीं सकती ।

**गरिमा का संबन्ध:** आज जब संबंध टूट व बिखर रहे हैं , तब भी पिता व संतान के संबंधों पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पडा है और इस रिश्ते ने अपनी गरिमा बनाए रखी है । भले ही समय के साथ इस रिश्ते में भी बदलाव आया है पर आज भी दुनिया के किसी भी कोने में पिता के रिश्ते को न केवल सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है वरन् यह ऐसा रिश्ता है जिस पर आज भी पूरा -पूरा विश्वास किया जाता है।

**सबसे ऊंचे पिता:** किसी भी बच्चे पर जीवन में जिन दो व्यक्तियों का सबसे ज्यादा प्रभाव पडता है उनमें मां के साथ पिता का प्रभाव सबसे ज्यादा होता है । पिता का महत्व जितना भारत में है शायद ही कहीं और हो । यहां पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा है , भले ही वजह कुछ भी हो पर पापा आज भी हर बच्चे के हीरो हैं ।

**बच्चों में बसते प्राण:** आज भी पिता, अब्बू या पापा वह व्यक्ति हैं जिन पर पूरा परिवार आंख बंद करके विश्वास करता है , वें बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़े से बड़ा खतरा उठाते हैं। बच्चों के कैरियर , तरक्की , आराम व सुख के लिए पापा कुछ भी करने में हिचकते नहीं हैं । इतिहास में ऐसे हजारों उदाहरण हैं जिनमें पापा अपने सपनों को बच्चों के माध्यम पूरे होते देखना चाहते हैं । धृतराष्ट्र हों या दशरथ वासुदेव हों या मोतीलाल नेहरु, इब्राहिम लिंकन हो या ओबामा हर पिता अपने बच्चों की हर हसरत पूरी करना चाहते है और बदले में सिर्फ इतना ही चाहते हैं कि उनकी संतान उनका नाम रोशन कर उनके सपने पूरे करें। पर , कई बार अपने सपने बच्चें पर लादने का विपरीत असर भी पडता है जैसे कि महाभारत में धृतराष्ट्र अपनी अतृप्त इच्छाएं व सपने दुर्योधन पर लाद देते हैं तो महत्वकांक्षी दुर्योधन गलत दर गलत करता चला जाता है परिणाम स्वरूप अपने सौ भाइयों के साथ मारा जाता है। पापा होने का मतलब अपने सपने बच्चों पर लादना नहीं बल्कि उन्हें सही गलत की पहचान कराना, सही रास्ता दिखाना।

## विचार

# न्याय की आस के मध्य आरोपी समर्थकों के अविश्वसनीय 'कुतर्क '

**निर्मल रानी**

**कुश्ती** महासंघ के अध्यक्ष रहे भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध जंतर मंतर पर करीब चालीस दिनों तक चला पहलवानों का धरना फिलहाल उनकी ओर से 15 जून तक स्थगित किया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से हुई बातचीत व न्याय मिलने की आश्वासन के बाद ही यौन शोषण से पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता पहलवानों ने अपना धरना प्रदर्शन टाल दिया था। परन्तु 15 जून से पहले यानी अपने ऊपर लगे पाक्सो एक्ट व यौन शोषण के आरोपों में अपनी संभावित गिरफ़्तारी अथवा अदालत में आरोप पत्र दाखिल होने की संभावनाओं के बीच सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गत 11 जून (रविवार ) को ही अपने गृह नगर गोंडा में अपने समर्थकों की एक विशाल रैली निकाली और जनसभा को सम्बोधित किया। इस रैली में हजारों पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। निश्चित रूप से उनका यह शक्ति प्रदर्शन सरकार को अपनी ताकत का अंदाजा कराने के लिये ही किया गया था। परन्तु आश्चर्यजनक बात यह रही कि बृजभूषण सिंह ने अपने सम्बोधन में अपने ऊपर लगे आरोपों व उनके विरुद्ध हुई पुलिस प्राथमिकी आदि किसी भी बात का जिक्र नहीं किया। हाँ उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत शेर ओ शायरी से करते हुये यह चार पंक्तियाँ जरूर पेश कीं। उन्हींने पढ़ा कि - 'कभी अश्क, कभी गम, कभी जहर पिया जाता है तब कहीं जाके जमाने में जिया जाता है। ये मिला मुझको मुहब्बत का सिला -बेवफा कहके मेरा नाम लिया जाता है। इसको रुसवाई कहें कि शोहरत अपनी, दबे होठों से मेरा नाम लिया जाता है। जिस समय 'माननीय ' सांसद बृजभूषण शरण सिंह यह शायरी पेश कर रहे थे उस समय उनका शारीरिक हाव भाव व आत्मविश्वास तथा उनकी हंसी का अंदाज देखने लायक था। सीधे शब्दों में कानून,पुलिस,सरकार और अपने ऊपर लगे सभी गंभीर आरोपों को धत्ता बताने वाला। उनकी इस शायरी का मतलब राजनैतिक तो कतई नहीं था। हाँ इसमें आशिकाना अंदाज जरूर था। अब जरा उनकी जुरअत देखिये कि एक तरफ तो उनके कथित 'प्रकोप ' से पीड़ित देश की शान महिला पहलवान अपनी इज्जत आबरू को आहत करने वाले इसी सांसद के विरुद्ध कार्रवाही की मांग कर रही हैं तो दूसरी तरफ यही 'माननीय ' अपने समर्थकों के बीच बेहयाई वाली हंसी हँसते हुये शेर पेश कर रहे हैं कि- 'इसको रुसवाई कहें कि शोहरत अपनी, दबे होठों से मेरा नाम लिया जाता है।' ? इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने यह घोषणा भी की कि वे अगला लोकसभा चुनाव भी कैसर गंज क्षेत्र से ही लड़ेंगे। जबकि अभी न तो चुनाव घोषित हुये हैं न ही प्रत्याशी ? आखिर भाजपा संसदीय बोर्ड के इस सम्बन्ध में लिये गये किसी फैसले से पहले ही बृज भूषण सिंह ने पूरे दावे व आत्मविश्वास के साथ कैसे कह दिया कि वे अगला लोकसभा चुनाव भी कैसर गंज क्षेत्र से ही लड़ेंगे ? और उनके इस तरह की घोषणा के बाद पार्टी की तरफ से भी कोई खंडन या स्पष्टीकरण जारी क्यों नहीं किया गया? क्या इसका यह मतलब नहीं कि पार्टी की इतनी बदनामी करने के बावजूद अब भी पार्टी बृजभूषण शरण सिंह के प्रति नरम रुख रखती है ? पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर तो उन्होंने कुछ नहीं कहा। परन्तु उन्होंने अपने संबोधन का समापन रामचरितमानस की चौपाई और जय श्रीराम के नारे से जरूर किया। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में रामचरितमानस की यह चौपाई सुनाई - 'होइहि सोइ जो राम रचि राखा,को करि तर्क बढ़ावै साखा'। गोंडा में 11 जून को बुलाई गयी बृजभूषण शरण सिंह समर्थकों की रैली में कुछ ऐसी बातें भी सुनी गयीं जिनकी किसी सम्मानित,सभ्य व नैतिकता पूर्ण समाज में उम्मीद नहीं की जा सकती। चूँकि 'माननीय' सांसद पर महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप हैं इसलिये रैली में मौजूद मीडियाकर्मियों ने रैली समापन के बाद सांसद समर्थक कुछ महिलाओं से भी बात की।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# शेरनी थी लक्ष्मीबाई

**डॉ घनश्याम**

**1857** का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम दुनिया के लिए एक चमत्कार रहा है। स्वाधीनता की सुबह देखने के लिए कितने चिराग इस पथ पर जले व बुझे इसका हिसाब भी मुश्किल है। हां, कुछ ऐसे रोशन चिराग हुए जिनके बुझने के बाद भी उनसे देश आज तक रोशनी ले रहा है, जिन पर हमें गर्व है। ऐसी ही एक मशाल व मिसाल हैं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई । 1757 से पहले का एक वह समय था जब बिखरे हुए देश में अंग्रेज व राजे महाराजे एक दूसरे के राज्य को हड़पने छीनने में मशगूल थें , अपनी नाक का प्रश्न उनके लिए देश से कहीं ज्यादा मायने रखता था । इतना ज्यादा कि कभी गौरी को बुलवाकर विरोधियों को मरवा डाला तो कभी मुगलों को शहंशाह मान लिया, कोई नहीं मिला तो व्यापारी बन कर देश में आए अंग्रेजों के हाथों में ही अपनी लगाम सौंप दी परिणाम भी सामने था । एक - एक कर सबने अपमान सहा व राज्य गंवाएं। यह तो थी उनकी फूट व आपस में लड़ने मरने की कहानी पर जब आजादी की ललक जागी तो यह देश उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम ऐसे एकजुट होकर खड़ा हो गया जैसे कभी आपस में लडा. ही न हो ।

एक - एक गांव, शहर जाग उठा और 1857 आते आते तो क्रांति का बिगुल बज उठा । यह काशी या वाराणसी ही था जिसने स्वाधीनता के यज्ञ में सबसे समकदार आहुति के रूप में अपने एक छोटे से गांव भदैनी में सन 1835 के 14 नवंबर को छोटी सी बलिका को जन्म दिया जो मां भागीरथी व पिता मोरोपंत तांबे के लिए वह मणिकर्णिका थी, परिवार के लिए मनु, तो साथियों के लिए वह झांसी के पेशवा वाजीराव व दादा बलवंत राव के लिए छबीली। यह नाम उसे गंगा के तट पर अपनी नटखट व चंचल खिलंदड़ी के लिए मिला था। मनु को मात्र चार वर्ष की उम्र में ही मां की छत्रछाया से वंचित होना पड़ा पर, पिता मोरोपंत तांबे ने मां व पिता दोनो की भूमिका बहुत अच्छे से निबाही। पिता व दादा के साथ अक्सर पेशवा बाजीराव राव के दरबार में जाने वाली मनु या छबीली वहां भी चैन से नहीं बैठती थी यदि कोई और होता तो शायद गुस्सैल स्वभाव के पेशवा बाजीराव ही कुपित हो जाते पर,वहां भी बहन छबीली के लिए सब माफ था।

# यू टर्न ही यू टर्न!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**टीवी,** समाचार पत्रों ने हमें लाख समझाया कि खाने से पहले और खाने के बाद साबून से हाथ धो लिया करो। और हम थे कि इन बातों को हवा करने में अपनी शान समझते थे। हम उसे विज्ञापन कम टाइमपास ज्यादा मानते थे। रिमोट हाथ में होता तो फट से चैनल का टेंटुआ दबा देते और कहते - यह फालतू की बक-बक सुनने की फुरसत किसे है? क्या हमें नहीं पता की हाथ की सफाई क्या होती है? इस देश में लोग कुछ सीखे न सीखे हाथ की सफाई जरूर सीखते हैं। इससे स्वच्छता और संपन्नता दोनों बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सरकारी विज्ञापन हाथ की सफाई के बारे में संविधान जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा तो सरल है, लेकिन बुद्धि का घड़ा औंधे रखा हो तो कोई बात दिमाग में कैसे घुसे? सो हमने भी इसे समझने की जहमत नहीं की। हमारे हाथ की सफाई के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपया फूंक दिया। फिर उन्हीं लाखों-करोड़ों की उगाही के लिए कभी हमसे धूम्र शलाका फुंकवा दिया। तो कभी मुँह में खजांची बना दाने-दाने में केसर ढूँढ़वाने लगा दिया। हिसाब बराबर। तुम अपने घर खुश और हम अपने घर। कहते हैं सबका दिन आता है। सो हाथ की सफाई वाला दिन भी आया। आया तो आया ऐसा आया कि हाथ की सफाई से लेकर मुँह, नाक, आँख या यूँ कहें कि पूरे बदन को साबून से धोने की नौबत आ पड़ी। ऊपर से मुँह और नाक पर चिथड़े का टुकड़ा अलग से। कुछ दिनों तक यह टिटिम्मा भी खूब चला। सबका अंत आता है। मास्क का भी आया। जब कोई वस्तु अति होने लगती है, त उसका पतन भी अति करने वाला ही करता है। कुछ लोग जिंदगी को तपाकर कुंदन बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं तो कुछ महाशय खुद लोगों के क्रंदन से पॉपुलर हो गए। माना कि हाथ की सफाई वाले विज्ञापन का हमने ठीक से पालन नहीं किया। इसका मतलब यह तो नहीं कि हाथ की सफाई के साथ-साथ मुँह, नाक और बदन की सफाई कहीं भारी न पड़ जाए। बैंक भी ब्याज लेता है, लेकिन एक निश्चित दर से। लेकिन यह हाथ की सफाई का ब्याज तो हमारे पल्ले पड़ता ही नहीं।

यह ब्याज के एवज में हमसे बदला ले रहा है। हमारे पढ़े-लिखे मूर्ख होने का हर कोई लाभ उठा रहा है।

# रक्तदाताओं को होना चाहिए स्वयं पर गर्व: सांसद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विश्व रक्तदान** दिवस के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा हैबीटेट क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ और निरोगी होता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढकर भागीदारी करते हुए रक्तदान करते रहे और जरूरतमंदों को जीवनदान देते रहें। सांसद कौशिक ने कहा कि रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें। बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है।

सांसद ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति नियमानुसार साल में कम से कम तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब मरीज के साथ कोई डोनर नहीं होता है और उन्हें रक्त के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसलिए हमें रक्तदान शिविर में बढ़चढकर भाग लेना चाहिए और लोगों का जीवन बचाना चाहिए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा देश व समाज के निर्माण में लगाएं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में समस्त मानव जाति व प्राणियों की सेवा करना सर्वोपरि है। वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगों की सेवा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

**▶▶ रक्तदाताओं का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढकर भागीदारी करते हुए रक्तदान करते रहे**

इस दौरान सांसद ने दो दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी समाज के लोगों व दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ बेहतरीन कार्य कर रही है। सरकार द्वारा भी विभिन्न योजनाओं के तहत दिव्यांगों को सीधा लाभ दिया जा रहा है, जिससे दिव्यांग समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध लोगों को दिव्यांगों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। सांसद ने कहा कि दिव्यांग होना कोई अपराध नहीं है। हमें दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयास करने चाहिए और उनके साथ समानता का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को अपमानित करने या धमकाने जैसे मामले में आरोपी को जेल भी हो सकती है। केंद्र सरकार ने दिव्यांगों के अधिकार के प्रति संवेदनशील पहल की है। इसके मुताबिक अब दिव्यांगों को अपमानित करने, धमकी देने, पिटाई करने पर छह माह से पांच साल तक की सजा हो सकती है। राजपत्र में प्रकाशित दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 में इसे लेकर सख्त प्रावधान किए गए हैं। दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। इस संसार में कोई भी पूर्ण नहीं है। सरकार द्वारा दिव्यांगों को बराबरी का दर्जा देने के लिए विशेष कानून बनाया गया है। दिव्यांगता प्रकृति भी हो सकती है और किसी दुर्घटना के कारण भी हो सकती है।

# एसडीएम निर्मल नागर का सरपंच, बार एसो. पदाधिकारियों ने बुक्का देकर किया स्वागत

## सनपेड़ा गांव के नॉमिनेटेड सरपंच प्रमोद ढाका ने गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**गन्नौर** के नवनियुक्त एसडीएम निर्मल नागर का बुधवार को गन्नौर नगर पालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी , सनपेड़ा गांव के नॉमिनेटेड सरपंच प्रमोद ढाका, बार एसोसिएशन गन्नौर के प्रधान गौरव त्यागी के नेतृत्व में दर्जनों एसोसिएशन के सदस्य व अधिवक्ताओं ने बुक्का देकर स्वागत किया । एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा अगर उनके संज्ञान में ऐसी कोई समस्या है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है तो समस्या के बारे में उन्हें अवगत करवाएं । लोगों की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता है । एसडीएम नागर ने कहा कि कुछ सामाजिक कार्य होते हैं जिनमें आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है । शहर से पॉलिथीन को मुक्त बनाने के लिए , गंदगी से निजात दिलाने व अन्य कार्य में जनता सहयोग करें । एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनके पास आकर अवगत करवाएं , उनका पूरा प्रयास रहेगा कि उक्त समस्या का तुरंत समाधान करवाया जाए । सनपेड़ा गांव के नॉमिनेटेड सरपंच प्रमोद ढाका ने गांव की समस्याओं के बारे में एसडीएम को अवगत करवाया और सरपंच ने कहा कि बड़ी गांव से लेकर सनपेड़ा, रामनगर तक सड़क की जर्जर हालत है। उसका टेंडर हो चुका लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो रहा। सरपंच ने एसडीएम से सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की । इसके अलावा उन्होंने गांव सनपेड़ा की समस्याओं के बारे में भी एसडीएम को अवगत करवाया । एसडीएम ने कहा कि गांव की समस्या के समाधान के लिए जहां उनके सहयोग की जरूरत है वे उन्हें अवगत करवाएं । नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने स्वागत करते हुए कहा कि नगरपालिका के अंतर्गत आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के सहयोग की उम्मीद करते हैं जिस पर एसडीएम ने कहा कि जहां उन्हें महसूस हो गए उन्हें अवगत कराएं । मौका निरीक्षण कर समाधान करवाया जाएगा । इस मौके पर अधिवक्ता सुंदर सिंह रापड़िया गौरव त्यागी अध्यक्ष, जितेंदर दांगी सचिव, जेबी त्यागी, मुकेश कौशिक, रामफूल त्यागी, सुंदर सिंह, सुशील त्यागी, योगेश शर्मा के अलावा अन्य मौजूद थे ।

**▶▶ समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के सहयोग की उम्मीद करते हैं जिस पर एसडीएम ने कहा कि जहां उन्हें महसूस हो गए उन्हें अवगत कराएं**

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में ठेका कर्मचारी राममूर्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला सिटी** में वाइन शॉप के इंचार्ज की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बीती रात करीब साढ़े 12 बजे पासपोर्ट ऑफिस के सामने अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर हुआ। मृतक की शिनाख्त हिमाचल के जिला नाहन निवासी राम मूर्ति के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जग्गी गार्डन निवासी राजीव अरोड़ा ने बताया कि लिक्कर बर्डस पर बतौर इंचार्ज काम करता है। राममूर्ति शर्मा भी उसके साथ लिक्कर बर्डस पर इंचार्ज के तौर पर काम करता था। साढ़े 12 बजे राममूर्ति शर्मा मडौर चौक पर ठेके को चैक करने गया था। बताया कि वे दोनों ठेके को चेक करने के बाद सुल्तानपुर चौक वाले ठेके पर आए थे।

राजीव अरोड़ा ने बताया कि वह सुल्तानपुर चौक वाले ठेके पर ही रुक गया था और राममूर्ति को बलदेव नगर खाना लेने के लिए भेज दिया। राममूर्ति वर्कर की बाइक लेकर बलदेव नगर चौक की तरफ लिंक रोड पर निकला ही था कि उसी समय उसे एक्सीडेंट की काफी जोर से आवाज सुनाई दी। उसने भाग कर देखा तो राममूर्ति जमीन पर पड़ा था और उसके नाक व सिर से खून बह रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि टक्कर मारकर भागती हुई एक महिंद्रा पिकअप दिखाई दी। हालांकिए वह गाड़ी का नंबर नोट नहीं कर सका। वह ऑफिस से गाड़ी मंगवा सिविल अस्पताल ले गया। यहां डॉक्टरों ने राममूर्ति को मृत घोषित कर दिया। बलदेव नगर थाना पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ धारा 279ए, 304 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेक्टर-15 में बी एस एन एल टेलीफोन एक्सचेंज सर्किल की सभी सड़कें होंगी दुरुस्त



**सोनीपत: बुधवार दोपहर** को शहर के सेक्टर 15 की विभिन्न सड़कों का बिट्यूमिन से नवनिर्माण का कार्य नगर निगम द्वारा शुरू किया गया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान मौके पर पहुंचे और सांसद रमेश कौशिक,विधायक सुरेंद्र पंवार और पार्षद बबीता कौशिक एवम पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ मिलकर नारियल फोड़कर कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम के अधीन आने वाली शहर की सभी सड़कों के नवनिर्माण का कार्य प्रगति पर है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद संबंधित एजेंसी प्रतिनिधि को कार्य को पूरी गुणवत्ता और तय समय सीमा में पूरा करने के आदेश दिए। मेयर ने बताया कि विवेकानंद चौक और गांधी चौक पर सड़कों के निर्माण का कार्य पूरी गति से चल रहा है, जल्द ही सेक्टर 14 की बची हुई सड़कों को भी बनाया जाएगा।इसके अतिरिक्त आई टी आई चौक से लेकर बंदेपुर सरकारी स्कूल तक भी सड़क का काम जल्द शुरू करवाया जायेगा। शहरवासियों को आगामी बरसात के मौसम में असुविधा ना हो इसके लिए वो लगातार प्रयासरत है। वहीं सांसद रमेश कौशिक ने बताया कि जल्द ही पी डब्ल्यू डी विभाग के अंतर्गत आने वाली शहर की सभी मुख्य सड़कों के नवनिर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद बबीता कौशिक,पार्षद सुरेंद्र मदान,नगर निगम एस डी ओ नरेंद्र कुमार,कनिष्ठ अभियंता परविंदर कुमार,त्रिभुवन कौशिक,आनंद प्रकाश,रवि भूषण,महावीर ,महेंद्र सिंह, यशोदा,राजदुलारी,रघुनंदन गुप्ता,रवि शर्मा,विजय आदि लोग मौजूद रहे।

### गठबंधन पर सीएम व डिप्टी सीएम साथ आकर जनता का भ्रम दूर करें-रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। पूर्व** शिक्षा मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रामबिलास शर्मा ने भाजपा बीजेपी के बीच गठबंधन टूटने की चचाओं पर अपनी अलग ही राय दी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर फैली चचाओं के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को बैठकर विराम लगाना चाहिए, ताकि कार्यकताओं और लोगों का संशय दूर हो सके। रामबिलास शर्मा ने बुधवार को नारनौल के एक स्थानीय होटल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2019 में हुए चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी के बीच कोई गठबंधन नहीं था लेकिन चुनाव में हमारी 40 सीटें आई और जजपा की 10 सीटें आई। इसके बाद सरकार चलाने के लिए दोनों पार्टियों में गठबंधन हुआ। परंतु अब कुछ दिनों से इस गठबंधन के टूटने को लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही है। लेकिन अभी उनका यह गठबंधन जारी है और जारी रहेगा।

# भारत की नई शिक्षा नीति से दी जा रही शिक्षा युवाओं को नई दिशा देगी: डा. सुरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**खेड़ी गुज्जर** स्थित सतकुंभा संस्कृति महाविद्यालय में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार उनके सहयोगी प्रोफेसर डॉ सुनीता सैनी व डॉ. सुषमा नारा ने निरीक्षण किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम ने सतकुम्भा संस्कृति महाविद्यालय का निरीक्षण के दौरान कहा कि सतकुम्भा संस्कृति महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से बीए एम ए. पाठ्यक्रम के लिए संबंध किया जा रहा है। यह भारत की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत है। जो विद्यार्थी अपने स्किल को अपने ज्ञान को विस्तार देना चाहते हैं, उनके लिए इस प्रकार की व्यवस्था सरकार की ओर से की गई हैं। अब महाविद्यालय में दाखिला लेकर युवा पीढ़ी भारत की नई शिक्षा नीति के अनुसार अपने भविष्य को निखारने के लिए सुनहरे अवसर का लाभ ले सकेंगे। सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एक बेहतरीन तरीके के साथ इस शिक्षा पद्धति को डिजाइन किया गया है। इससे युवाओं को बेहतर परिणाम मिलेंगे। टीम ने सतकुंभा तीर्थ धाम के पीठाधीश्वर महन्त राजेश स्वरूप महाराज के साथ चर्चा की सतकुम्भा तीर्थ के इतिहास के बारे में जाना। प्राचीन स्तंभों को देखकर डॉ सुरेंद्र ने कहा कि वास्तव में यह भूमि प्राचीन हैं, ऐतिहासिक हैं और हमारी भारतीय संस्कृति को, सनातन धर्म को, हमारी कला को प्रतिनिधित्व देते हैं। यहां अनेक सभ्यताएं देखने को मिलती हैं।

# कर्मचारियों के शोषण के विरोध में रेलवे मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उत्तर** रेलवे के अंबाला मंडल में कर्मचारियों का अधिकारियों के द्वारा कड़े पैमाने पर शोषण के विरून उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने आवाज उठाई और कर्मचारियों के हक की लड़ाई आज भी जारी रही। अंबाला मंडल के सरहिंद स्टेशन पर कार्यरत ए.डी.ई.एन. द्वारा कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है और मनमर्जी से से कार्य कर रही है। यूनियन के शाखा सचिव जब उनके इस तरीके का विरोध करने गए तो ए.डी.ई.एन. सरहिंद (जो एक महिला अधिकारी है) उनके द्वारा उन पर झूठे आरोप लगाया कि जबरदस्ती उनके घर में जा गए।

# गांव की आबादी से बाहर शराब का ठेका हटवाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गन्नौर के** गांव कैलाना के ग्रामीणों ने एसडीएम निर्मल नागर को ज्ञापन देकर गांव की आबादी के अंदर से शराब का ठेका हटाने की मांग की। एसडीएम को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि शराब का ठेका बिल्कुल गांव के मंदिर, बस स्टैंड के पास है । उक्त बस स्टैंड से प्रतिदिन महिलाएं व छात्राएं पढ़ने के लिए जाते हैं । शराब का ठेका नजदीक होने के कारण शराबी आपस में गाली गलौज करके वहां का वातावरण गंदा करते रहते हैं। ज्ञापन में बताया कि कई बार तो शराबियों को गाली गलौज करने से रोकने पर आपस में झगड़ा भी हो चुका है । ग्रामीण सतीश बलजीत , महेंद्र , रतिराम , सुरेंद्र , कप्तान, सचिन , रोहतास रणबीर , सुरेंद्र आदि ने बताया कि उनका लक्ष्य शराब का ठेका गांव से बिल्कुल बंद नहीं करवाना है बल्कि शराब के ठेकों को गांव की आबादी से बाहर ले जाकर ग्रामीणों को परेशानी से निजात दिलाना है। उन्होंने बताया कि गांव की आबादी में होने के कारण शराबियों ने शराब पीकर इतना गंदा माहोल कर दिया है कि कई बार तो वहां से महिलाओं का निकलना दूभर हो जाता है।

# नारनौल में पुलिस ने अवैध शराब से भरी पिकअप पकड़ी

**नारनौल/संतोष यादव**
**गांव मिजार्पुर** बाछोद के पास पुलिस ने एक शराब से भरी पिकअप गाड़ी को काबू किया है। इस बारे में पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ एक्साइज एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पिकअप गाड़ी से पुलिस ने अंग्रेजी और देसी शराब की 209 पेटी बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि शराब अटेली के एक ठेके से बलाहा कलां के दूसरे ठेके पर ले जाई जा रही थी। गाड़ी चालक के पास शराब की रवानगी पर्ची भी मिली है, लेकिन उस पर डेट अंकित नहीं थी।

# मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती रामकथाः देवेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**शहर** के गांधी नगर में श्री रामकथा में मंगलवार को कथा में पूज्या दीदी भक्ति प्रभा ने वाचन किया। उन्होंने श्री राम की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि पूजन, पाठ, हवन, यज्ञ आदि जितने भी सत्कर्म है। उनका फल है श्री राम कथा में मन लगाना। श्री राम कथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन सफल हो जाता है।उन्होंने कहा कि भक्त के ह्रदय में भगवान आए तो आंसू आए बिना रह नहीं सकते। भगवान का सिमरण करते रहिए। हमारे ह्रदय में विकारों का जो खारा जल भरा है, बाहर निकलना चाहिए। इससे पहले कथा में मुख्य यजमान के तौर पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान पहुंचे और ज्योत प्रज्वलित की। इस मौके पर देवेंद्र कादियान ने कहा कि रामकथा ही मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। कैसे मित्र बनाना चाहिए, कैसे माता-पिता की सेवा करनी चाहिए, कैसे अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए, कैसे परिवार में प्रेम और सामंजस्य बनाना चाहिए, कैसे और क्यों समाज से जुड़ना चाहिए और समाज की सेवा करनी चाहिए। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को रामायण की शरण में आना चाहिए। इस दौरान आयोजक सतपाल व शिशुपाल ने कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गीता, सरोज, नीलम, कमलेश, बिमला, सतबीर, नरेंद्र, बलवान आदि मौजूद रहे।

# पन्नू का एंटी खालिस्तानी फ्रंट ने फूंका पुतला



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पंजाब** हरियाणा व अन्य राज्यों में पनप रहे खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ आज अंतर्राष्ट्रीय एंटी खालिस्तानी आतंकवादी फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड व महासचिव करन मलहोत्रा की अध्यक्षता में भारी संख्या में युवाओं ने अंबाला छावनी में खालिस्तान खातमा यात्रा निकालकर तिरंगा के अधीन एकजुट होने का आह्वान किया। इस यात्रा के माध्यम से युवाओं ने लोगों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने और देश से इसे बिल्कुल खत्म करने का संदेश दिया। यह यात्रा अंबाला सदर बाजार से शुरू होकर अम्बाला छावनी के मोची मंडी चौक पर पहुंची। जहाँ फ्रंट के पदाधिकारियों ने आतंकी गुरपतवंत पन्नू की शव यात्रा का पुतला जलाकर रोष भी प्रकट किया. मंड ने कहा कि खालिस्तान की मांग करने वाले हिन्दुस्तान छोड़कर पाकिस्तान चले जाए। आतंकवाद देश के लिए एक नासूर की तरह बनता जा रहा है। अगर जल्द ही आतंकवाद का खात्मा नहीं किया गया तो यह हमारे देश को अंदर से खोखला कर देगा। करण मलहोत्रा ने कहा कि देश के युवाओं से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और डटकर सामना करने का आह्वान किया। मंड ने एलान किया कि यात्रा में शामिल सभी राष्ट्रीय व प्रदेश व जिला कार्यकारणी के पदाधिकारी उनके नेतृत्व में 15 अगस्त को श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराएंगे और पाकिस्तान आई.एस. आई को खुली चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि देश का युवा पाकिस्तान के टुकड़ो पर पलने वाला आतंकी पन्नू की धमकियों से डरने वाला नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय एंटी खालिस्तानी आतंकवादी फ्रंट के युवा खालिस्तान या पन्नू को जड़ से खत्म करने का माद्दा रखते है।

# रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उपायुक्त** एवं रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस पर नॉन टीचिंग क्लब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में एक विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से किया गया। इस शिविर में केयूके से परीक्षा नियंत्रक डा. हुकुम सिंह ने शिरकत की और रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र वितरित करके सम्मानित किया। परीक्षा नियंत्रक डा. हुकुम सिंह ने कहा कि रक्तदान अवश्य करना चाहिए, रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी अनजान व्यक्ति को नई जिंदगी प्रदान करता है। यह हमारी मानसिकता है कि रक्तदान करने से शरीर कमजोर हो जाएंगे परंतु ऐसा नहीं है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त की पूर्ति जल्द हो जाती है और फिर नया रक्त बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता और ना इसे बनाया जा सकता। एक मात्र मानव शरीर ऐसा है जिसके शरीर से ही रक्त उत्पन्न होता है और उसके द्वारा ही दान किया जा सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही रक्तदान करके औरों का जीवन बचा सकता है।

जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि रैडक्रास सोसायटी द्वारा पिछले पिछ्ले वर्ष एक 207 कैंपों का आयोजन किया गया, जिसमें 13200 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। यह साधारण कार्य नहीं था, यह आमजन के सहयोग से संपूर्ण हुआ है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं एवं रक्तदाताओं का आभार करते हुए कहा कि सभी ने इस क्षेत्र में बढ़-चढकर कार्य किया है। इस रक्तदान शिविर में संत निरंकारी मिशन, यूथ ब्लड डोनेशन समिति झांसा, सर्व समाज कल्याण सेवा समिति, नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन, जन सहयोग, शहीद भगत सिंह वेलफेयर सोसाइटी, जन सहयोग शुभ कर्मन चैरिटेबल ट्रस्ट, डॉ अशोक कुमार, गुरप्रीत सिंह, मिथुन समाना, डा. दीपक देवगन, मुरारी लाल शर्मा, नरेश कुमार ढींगरा, सुमित खत्री आदि का विशेष सहयोग रहा।

# यमुना नहर के टूटने से खेतों में हुए नुकसान का जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने गांव बड़वासनी में पश्चिमी यमुना नहर के टूटने से खेतों में हुए नुकसान का जायजा लिया और किसानों को आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से बातचीत करके नुकसान की भरपाई करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने फोन पर कृषि मंत्री जेपी दलाल से बातचीत कर नुकसान का सर्वे करवाने का भी आग्रह किया।

# 'सीबीआई-ईडी का नाम बदलकर बीजेपी सेना रख दो'

## आज ये एजेंसियां केवल भाजपा का राजनीतिक हथियार बनकर रह गईं हैं: सीएम केजरीवाल

**तानाशाही....**

● तानाशाही अध्यादेश लोकतंत्र और संविधान पर हमला है और वे अध्यादेश के खिलाफ संसद में दिल्ली की जनता का साथ देंगे





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एक बार फिर भाजपा और केंद्रीय जांच एजेंसियों पर निशाना साधा। उन्होंने ट्विटर के जरिए कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का नाम बदलकर 'बीजेपी सेना' रख देना चाहिए। एक जमाना था, जब इन जांच एजेंसियों की इज्जत थी। ये कहीं रेड मारते थे या किसी को गिरफ्तार करते थे तो लगता था उस व्यक्ति ने कुछ गलत किया होगा। आज ये एजेंसियां केवल भाजपा का राजनीतिक हथियार बनकर रह गईं हैं।

इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (सीपीआई) महासचिव डी. राजा और सभी सीपीआई नेताओं से मुलाकात की। सीएम केजरीवाल ने बैठक के बाद कहा कि नेताओं का भी मानना है कि दिल्ली में केंद्र सरकार का तानाशाही अध्यादेश लोकतंत्र और संविधान पर हमला है और वे इस अध्यादेश के खिलाफ संसद में दिल्ली की जनता का साथ देंगे। सभी दिल्लीवासियों की तरफ से मैं सभी सीपीआई नेताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश:** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने पिछले दिनों फैसला सुनाते हुए कहा था कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र लेकर आया अध्यादेश

**अधिकारियों** और कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग भी कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य होंगे।
**केंद्र लेकर आया अध्यादेश:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कानून में संशोधन करके या नया कानून बनाकर ही पलटा जाना संभव था। संसद अभी चल नहीं रही है, ऐसे में केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर इस कानून को पलट दिया। अब छह महीने के अंदर संसद के दोनों सदनों में इस अध्यादेश को पारित कराना जरूरी है। इसीलिए अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, ताकि राज्यसभा में केंद्र सरकार अध्यादेश को पारित न करा पाए।

# वीडियो कॉल आती है पर उठाने का नहीं...

## फोन उठाते ही लड़की करेगी अश्लील हरकत, इस गंदे खेल का एक 'खिलाड़ी' गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देशभर** के लोगों से सेक्सटॉर्शन के जरिये वसूली का गंदा खेल खेलने वाले गैंग का शाहदरा जिला पुलिस ने खुलासा किया है। भरतपुर, राजस्थान में बैठे पिता-पुत्र ज्यादातर बुजुर्ग लोगों के अश्लील वीडियो बनाकर उनको ब्लैकमेल कर रहे थे। वीडियो बनाने के बाद आरोपी खुद को दिल्ली पुलिस का एसीपी बताकर डराते थे।
फिलहाल पुलिस ने गैंग सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान गांव अभाईपुर, कैथवाना, भरतपुर, राजस्थान निवासी आलमुद्दीन (50) के रूप में हुई है। पुलिस की छापेमारी के समय इसके दोनों आरोपी बेटे जलालुद्दीन और मुर्सलीन मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के पास से आठ मोबाइल फोन और छह सिमकार्ड बरामद किए हैं।
छानबीन के दौरान पुलिस को आरोपी के सभी मोबाइल 140 लोगों की वीडियो मिली हैं, जिनके जरिये यह लोग देशभर के लोगों को ब्लैकमेल कर वसूली कर रहे थे। फिलहाल यूपी, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड के कुछ मामले इसकी गिरफ्तारी से लिंक हुए हैं। बैंक खाते की जांच से पता चला है कि आरोपी ने पिछले एक माह में पांच लाख से ज्यादा की ठगी की है। शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि साइबर थाने को पांच जून को मूलचंद गर्ग नामक एक व्यक्ति की ओर से शिकायत मिली थी। पीड़ित ने बताया कि 31 मई को उनके व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल उठाते ही एक लड़की ने अश्लील हरकत शुरू कर दी। पीड़ित के साथ इसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया। कुछ देर बाद ही पीड़ित के मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया। आरोपी ने खुद को दिल्ली पुलिस का एसीपी विक्रम राठौर बताया।

### कई दिल्ली पुलिस अधिकारियों की तस्वीरें भी मिली..

**छानबीन** के दौरान पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से दिल्ली पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीरें भी मिली हैं। आरोपी इन फोटो के जरिये लोगों को डराते थे। आरोपी अपनी व्हाट्सएप डीपी पर भी इन अधिकारियों के फोटो ही लगाते थे। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इन लोगों ने कई सौ लोगों को अपना शिकार बनाया है।

# पीएफआई के राष्ट्रीय समन्वयक को मिली 6 घंटे की पैरोल




**आदेश**

● इब्राहिम को बेटी की शादी में सम्मलित होने के लिए पैरोल मिली है। इब्राहिम को यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीएफआई के** नेशनल समन्वयक इब्राहिम पुथनथनी को दिल्ली हाईकोर्ट ने छह घंटे के लिए पैरोल दी है। इब्राहिम को अपनी बेटी की शादी में सम्मलित होने के लिए पैरोल मिली है। इब्राहिम को यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था। पुथानथनी ने अंतरिम जमानत की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए पैरोल दी है।
**18 जून को होनी है शादी:** इब्राहिम ने ट्राइल कोर्ट से झटका लगने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के दरवाजे खटखटाए थे। जस्टिस जसमीत सिंह और विकास महाजन ने इब्राहिम को छह घंटे की पैरोल दी है। इब्राहिम की बेटी की शादी 18 जून को केरल में होनी है।

बता दें कि इब्राहिम के वकील ने हाईकोर्ट से 30 दिन की अंतरिम बेल की गुहार लगाई थी। इसे लेकर बेंच ने कहा, " हम चार घंटे की पैरोल को छह घंटे तक बढ़ा सकते है।
**पीएफआई पर लगा है 5 साल का बैन:** इब्राहिम पर मामला साल 2022 में अप्रैल के महीने में दर्ज हुआ था, जब पीएफआई पर टेरर फंडिंग के आरोप लगे थे।

इसके बाद पीएफआई के ठिकानों पर पूरे देश में कई जगह छापेमारी कार्रवाई हुई थी। इसके बाद 29 सितंबर 2022 को पीएफआई पर बैन लगा दिया गया था। सरकार ने 28 सितंबर 2022 को पीएफआई और उसके कई सहयोगी संगठनों पर यूएपीए के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

# दो बच्चों के साथ तीन नाबालिगों ने किया कुकर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यू अशोक** नगर इलाके में दो बच्चों के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप तीन नाबालिगों पर है।
आरोपियों ने मोबाइल से वारदात का वीडियो भी बना लिया। 12 और 10 साल के बच्चों की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को कुकर्म व पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बता दें कि पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया है। इनकी उम्र 12 से 16 साल के बीच है।

# 22 वर्षीय युवक ने पंखे से फंदा लगाकर किया सुसाइड




**दर्दनाक**

● मृतक की पहचान अलीगढ़ स्थित सिंगराना गांव के गौरव के रूप में हुई है। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आंबेडकर** नगर इलाके में एक 22 वर्षीय युवक ने छत में लगे पंखे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्थित सिंगराना गांव के गौरव के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स स्थित मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला दर्ज कर पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 06.18 बजे मदनगीर इलाके में एक 23-24 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पीसीआर कॉल के माध्यम से आंबेडकर नगर थाना पुलिस को मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि फांसी लगाने वाला व्यक्ति उनका किरायेदार है। उनके कमरे का गेट बंद है और उन्हें अभी नीचे नहीं उतारा गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को वहां एक एक युवक फंदा लगाकर छत में लगे पंखे से लटका मिला।
**शराब पीने की थी लत:** पुलिस ने युवक के शव को नीचे उतारकर उनकी पहचान 22 वर्षीय गौरव के रूप में की। इसके बाद मकान मालिक की पहचान मदनगीर के मनोज के रूप में करके उनका बयान दर्ज कर लिया। मकान मालिक ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि गौरव उनके भाई शेखर के साथ उनके घर के चौथे तल पर पिछले करीब चार साल से किराए पर रह रहा था। उन्होंने बताया कि गौरव को शराब की लत थी।
उनका भाई और गौरव सीवेज क्लीनिंग मशीन में काम किया करते थे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स स्थित मोर्चरी में रखवा दिया है।

# जींस कारोबारी की कार से 25 लाख लेकर फरार



**वारदात**

● वारदात के वक्त कारोबारी रकम लेकर गाजियाबाद से हरियाणा के बल्लभगढ़ जा रहे थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीलमपुर** इलाके में ठक-ठक गिरोह ने एक जींस कारोबारी की कार से 25 लाख रुपये उड़ा लिए। वारदात के वक्त कारोबारी रकम लेकर गाजियाबाद से हरियाणा के बल्लभगढ़ जा रहे थे। एक युवती ने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। महेंद्र सिंह सेनी की शिकायत पर सीलमपुर थाना पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। महेंद्र सिंह परिवार के साथ बल्लभगढ़ में रहते हैं। उनकी गाजियाबाद स्थित आर्य नगर में जींस रंगाई की फैक्ट्री है। कारोबारी ने कुछ दिनों पहले ट्रोनिका सिटी में अपनी एक जमीन का सौदा किया था, मंगलवार को वह एडवांस के 25 लाख रुपये लेकर अपनी कार से बल्लभगढ़ जा रहे थे। कार उनका चालक चला रहा था। जब वह वेलकम के पास पहुंचे।
**कार से रुपये से भरा बैग लेकर फरार:** उसी दौरान एक स्कूटी पर एक युवती व एक युवक आए और पीड़ित से कहा कि कार से तेल टपक रहा है।
पीड़ित ने कार साइड में खड़ी करवाई और चालक के साथ नीचे उतरकर लिकेज देखने लगे। उसी बीच युवती व युवक ने कार की पिछली सीट पर रखा रुपयों से भरा बैग उठाकर फरार हो गए।

# जेसीबी के ऊपर गिरी एक्सप्रेसवे की स्लैब, चालक की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए एनएच-48 समालखा के पास निमार्णाधीन फ्लाईओवर की स्लैब एक जेसीबी के ऊपर गिर गई। जिसके नीचे चालक दब गया। चालक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक की पहचान शकील पुत्र अब्दुल रहमान उम्र 35 वर्ष निवासी भरतपुर राजस्थान के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, एनएच8 पर फ्लाईओवर का काम चल रहा है।

# 16.5 किलो सोने के साथ उज्बेकितान के दो नागरिक काबू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आईजीआई** एयरपोर्ट पर सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कस्टम विभाग ने 16.5 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को पकड़ा है।

शुरूआती जांच के दौरान उनके पास कुछ नहीं मिला, क्योंकि उन्होंने अधिकारियों को धोखा देने के लिए कन्वेयर बेल्ट के पास सोने से भरा बैग छोड़ दिया था।
**दूसरी उड़ान से भागने का किया प्रयास:** पर जब उन्हें लगा कि वे बेनकाब हो गए हैं, तो आरोपितों ने दूसरी उड़ान से भागने का प्रयास किया पर अंततः पकड़े गए। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली थी। एक मध्य एशियाई देश का नागरिक भारी मात्रा में विदेशी मूल के सोने के साथ 13 जून को एचवाई 421 फ्लाइट संख्या से दिल्ली आ कर रहा है।
**जांच में नहीं मिला वर्जित सामान:** सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने यात्रियों पर कड़ी नजर रखी। अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध कराई गई खुफिया जानकारी के आधार पर एक यात्री की पहचान की गई और उस पर उस समय से नजर रखी जा रही थी, जब वह विमान से उतरा था। शख्स को पकड़ लिया गया पर उसकी व उसके सामान की तलाशी में किसी भी तरह का वर्जित सामान बरामद नहीं हुआ। उसी खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने एक दूसरे यात्री की पहचान की और उसे संदिग्ध रूप से कार्य करते देखा गया।
**कन्वेयर बेल्ट के पास मिला बैग:** उस यात्री पर भी निगरानी रखी गई और जब उसने ग्रीन चैनल को पार करने का प्रयास किया, तो उसे भी रोक लिया गया और उसके सामान की भी जांच की गई, लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। बाद में अधिकारियों को पता चला कि उस यात्री ने पकड़े जाने के डर से आगमन हाल के अंदर अपना सामान छोड़ दिया था।

# सचिवालय से लेकर पासपोर्ट विभाग तक के फेक जॉब ऑफर लेटर बांटे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय खाद्य निगम** से निलंबित चल रहा जूनियर इंजीनियर सुमित और उसके दोस्त बलराम के कारनामों का भंडाफोड़ हो गया। दोनों लोग बेरोजगर लोगों को सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करते थे। अपहरण होने के बाद नोएडा पुलिस ने दोनों को बरामद तो कर लिया, लेकिन इनके शिकार हुए लोग अब सामने आने लगे हैं। कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने नौ लोगों से 86 लाख रुपये ठगने के मामले में दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।
**दोनों पर एफआईआर दर्ज:** कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एफसीआई से निलंबित चल रहे जूनियर इंजीनियर सुमित कुमार सिंह और बलराज उर्फ हर्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सेना में कार्यरत राजस्थान के भरतपुर के चेतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो छोटे भाई लंकेश और अजय बेरोजगार हैं।
**सरकारी नौकरी दिलने के नाम पर ठगे 27 लाख:** 2020 में दोनों भाइयों का संपर्क बलराम उर्फ हर्ष निवासी अलवर से हुआ। बलराम ने दोनों से सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर 27 लाख रुपये ले लिए। साथ ही उनके रिश्तेदार सियाराम से आठ लाख, रविंद्र से पांच लाख, विश्राम से छह लाख, हंसराज से नौ लाख, उदयवीर से 13 लाख, महेंद्र से 10 लाख और एक अन्य व्यक्ति से आठ लाख रुपये दोनों ने धोखाधड़ी करके ले लिया।
बलराम ने पीड़ितों को बताया कि सुमित कुमार सिंह एसएससी विभाग में अधिकारी हैं। कुछ दिन बाद एसएससी की फर्जी मेल आइडी व पोस्ट के द्वारा लंकेश को राजस्थान पुलिस व अजय को एग्रीकल्चर विभाग दिल्ली, रविंद्र को दिल्ली हाई कोर्ट व अन्य सभी को सचिवालय नई दिल्ली पासपोर्ट विभाग के नियुक्ति पत्र भेजे गए।

# बदमाशों ने नशे में धुत्त दो युवकों पर किया चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सागरपुर** इलाके में किसी बात पर कहासुनी होने पर स्कूटी सवार अज्ञात हमलावर ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया। घायल युवकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर हमलावर की पहचान करने में जुटी है। घायल युवकों की पहचान सागरपुर निवासी हर्ष और आफताब के रूप में हुई है। शुक्रवार रात पुलिस को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल से दो युवकों को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली।
**नशे में धुत्त होकर की हाथापाई:** अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल हर्ष और आफताब नशे में धुत्त हैं। बाद में पीड़ितों ने बताया कि दोनों ने शराब पी थी। वह एक दुकान से खाने का सामान ले रहे थे। तभी वहां स्कूटी से एक युवक पहुंचा। युवक के साथ दोनों की किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई। युवक ने चाकू निकाल कर दोनों पर तेजी से हमला कर वहां से फरार हो गया।

# शातिर ठग का नया तरीका: कभी बनता दोस्त तो कभी रिश्तेदार



**नेटवर्क**

● पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन और दो सिमकार्ड बरामद किए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यदि आपके** मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से कोई कॉल आए और कॉलर खुद को आपके दोस्त का दोस्त बताकर मदद मांगे तो जरा सावधान हो जाएं। कहीं ऐसा न हो कि यह कोई शातिर ठग हो। जी हां... रोहिणी जिला के साइबर थाना पुलिस ने ऐसे ही ठगी करने वाले एक बदमाश को हैदराबाद इलाके से गिरफ्तार किया है।
**मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर करता था ठगी:** पकड़े गए आरोपी की पहचान महाराष्ट्र के बीड निवासी 31 वर्षीय विशाल लोडा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन और दो सिमकार्ड बरामद किए हैं। आरोपी पीड़ितों का विश्वास जीतने के लिए उनके दोस्त या रिश्तेदार की फोटो खुद की डीपी में लगा लेता था। इसलिए पीड़ित बड़े आराम से इसको रुपये दे भी देते थे।
**आरोपी को परिवार ने कर दिया था बेदखल:** छानबीन के दौरान पता चला कि आरोपी को कसीनो जाकर जुआ खेलने की लत है। इसकी वजह से परिवार ने विशाल को घर से बेदखल भी कर रखा है। आरोपी अहमदाबादे, गोवा और हैदराबाद में अपनी लोकेशन जल्दी-जल्दी बदलता है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

रोहिणी जिला के पुलिस उपायुक्त डॉ. गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि पिछले दिनों रोहिणी निवासी अशोक कुमार अरोड़ा नामक व्यक्ति ने ठगी की शिकायत साइबर थाने को दी थी। पीड़ित ने बताया कि 12 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को उनके ऑफिस में काम करने वाले व्यक्ति का दोस्त बताया। पीड़ित से आरोपी ने कहा कि वह इस समय विदेश में है, भारत में उसकी बहन का इलाज होना है। विदेश में नेटवर्क की वजह से वह बहन को पैसे नहीं दे पा रहा है। यदि संभव हो तो वह बहन के अकाउंट में पैसे डाल दे। भारत आते ही वह फौरन पैसे लौटा देखा। पीड़ित ने कॉलर की व्हाट्सएप डीपी देखी तो कॉलर सही लगा।
**पैसे लेकर फोन कर देता था बंद:** पीड़ित ने दो बार में आरोपी के खाते में 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये भेजने के बाद उसने दोबारा पैसे मिले या नहीं जानने के लिए उसी नंबर पर कॉल किया, लेकिन नंबर नहीं मिला। पीड़ित ने अब अपने सहकर्मी के दोस्त को कॉल किया तो उसने बताया कि उसने कोई रुपये नहीं मांगे। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

# सराय काले खां से लाजपत नगर की ओर जाने वाले लूप पर अभी भी बैरिकेडिंग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आश्रम** फ्लाईओवर विस्तार से जुड़े सराय काले खां से लाजपत नगर की ओर जाने वाले लूप का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिसकी वजह से इस मार्ग का उपयोग करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
**जून में खत्म होना था काम:** इस लूप की सड़क पर रोड़ी इत्यादि को डालकर छोड़ दिया गया है और बैरिकेडिंग कर इसे बंद कर दिया गया है। मार्ग पर करीब 200 मीटर के लूप के न बन पाने के कारण यह पूरा मार्ग बाधित हो रहा है, जबकि इसको पीडब्ल्यूडी मंत्री के कहे अनुसार, जून माह के प्रथम सप्ताह तक पूरा हो जाना था। इस मामले में पीडब्ल्यूडी अधिकारी से समय से काम पूरा न होने का कारण जानने के लिए कॉल कर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। बता दें कि पीडब्ल्यूडी मंत्री ने हाईटेंशन तारों के शिफ्टिंग का कार्य पूरा होने के बाद 29 मई को कहा था कि अगले पांच दिनों के भीतर सराय काले खां से लाजपत नगर की ओर जाने वाले लूप का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि, इसको करीब दो हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका हैष लेकिन वाहनचालकों के उपयोग के लिए अभी तक यह लूप खोला नहीं जा सका है।

## न्यूज फ्लैश

### उपायुक्त ने स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**पानीपत: आजादी** के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रंखला में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत गांव ब्राह्मद्दण माजरा के राजकीय उच्च विद्यालय में जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जन संवाद का उद्देश्य आम जन की समस्याओं को दूर करना और लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है। हरियाणा उदय कार्यक्रम में अधिकारी इस तरह से लोगों को जानकारी दे ताकि उन्हें सही प्रकार से उनको योजनाओं का लाभ मिल सके। कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्टालों के अवलोकन के दौरान उपायुक्त को बताया कि विभाग फसल प्रबंधन पर विशेष जोर दे रहा है। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछली पालन कैसे प्रारंभ करें, प्रबंधन कैसे करें, तालाबों में बीज बिजी संचयन तकनीक के अलावा मछली पालने की विभिन्न प्रणाली व मछली में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम पर जानकारी दी गई। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की ओर से सब्जियां मसाले फूल खुशबूदार पौधे पर मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया। बागवानी की चुनौतियां गतिविधियां बागवानी के अवसर व उसके उद्देश्यों पर बागवानी अधिकारियों ने प्रकाश डाला। स्कूल परिसर में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला रोजगार विभाग ,खेल विभाग, परिवार पहचान पत्र सहित अनेक स्टॉल लगाये।

### पीएंडजी व्हिस्पर और यूनेस्को ने अभूतपूर्व साझेदारी की

**नई दिल्ली।** यूनेस्को, नई दिल्ली के साथ भागीदारी में पी एंड जी व्हिस्पर ने गर्व से स्पॉटलाइट रेड की घोषणा की। कीप गर्ल्स इन स्कूल पहल के तहत मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर एक व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और गैप विश्लेषण रिपोर्ट के साथ विकलांगता, लिंग, शिक्षकों, युवा वयस्कों, और पोषण सहित 5 विषयगत क्षेत्रों पर पांच महत्वपूर्ण लर्निंग-टीचिंग मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया। बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम को आज पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (पीएचडीसीसीआई),अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में शिक्षार्थियों, माहवारी, समुदायों और हितधारकों को आवश्यक ज्ञान और प्रभावी रणनीतियों के साथ सशक्त बनाने के उद्देश्य से मासिक धर्म के प्रबंधन के लिए इसके सामाजिक प्रभाव के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया गया। नवूथन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और ट्रस्टी और बीजेपी के सदस्य, श्री अनिल के एंटनी, स्पॉटलाइट रेड में मुख्य अतिथि थे। अन्य उपस्थित में प्रो. (डॉ) उमा कुमार, प्रोफेसर और प्रमुख, रुमेटोलॉजी विभाग, एम्स, सुश्री कृति देसाई, संचार प्रमुख, व्हिस्पर, पीएंडजी इंडिया, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) और सुश्री हुमा मसूद, लिंग विशेषज्ञ और राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी (लिंग और शिक्षा), यूनेस्को नई दिल्ली बहुक्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय शामिल थे। अनिल के एंटनी, उपाध्यक्ष और ट्रस्टी, नवूथन फाउंडेशन और सदस्य, बीजेपी ने कहा, इस पहल का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात थी और मैं इस क्रांतिकारी परियोजना में शामिल होने वाले सभी लोगों को बधाई देता हूं। प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया में फेमिनिन केयर के उपाध्यक्ष और कैटेगरी लीडर, गिरीश कल्याणरमन ने बताया ह्लयूनेस्को के साथ इस साझेदारी से हम अपनी तरह के पहले पाठ्यक्रम का सह-निर्माण और लॉन्च करके अपने प्रयासों को बढ़ा रहे हैं जिसका उपयोग स्कूलों में और शिक्षकों और शिक्षाविदों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीरियड शिक्षा पर जागरूकता अब गायब न हो। हमारा उद्देश्य युवा लड़कियों को बिना किसी गैप के अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करके अपने सपनों को हासिल करने के लिए सशक्त बनाना और पीरियड्स के बारे में ज्ञान की कमी होने के कारण उन्हें स्कूल छोड़ने से रोकना हैह्व।
यूनेस्को नई दिल्ली बहुक्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी अधिकारी, हेजेकील देलमिनी ने कहा,ह्लपीएंडजी व्हिस्पर इंडिया के साथ हमारा सहयोग मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन के लिए हमारी चल रही प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।।

### देश में आपदा प्रबंधन होगा और दुरुस्त: शाह

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए 8000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की तीन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की, जिनमें राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपये की परियोजना, सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों झ्र मुंबई, चेन्नई, कोलकाता बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए के लिए 2,500 करोड़ रुपये की परियोजना और भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्यों सहित केंद्रशासित प्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन परियोजना शामिल हैं। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक में बतौर अध्यक्ष केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन तीन प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन से जहाँ आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आपदा प्रतिरोधी भारत के संकल्प को साकार स्वरूप मिलेगा।

# एटीएम मशीन उखाड़ने वाले चार गिरफ्तार

## पानीपत, सोनीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, अंबाला व पंजाब की 24 वारदातों का हुआ खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
**पानीपत की** सीआईए वन पुलिस टीम ने एसपी अजीत सिंह शेखावत के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए एटीएम मशीन उखाड? वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के सरगना समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के चारो बदमाश पंजाब के पटियाला जिला के रहने वाले है। वहीं एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सीआईए वन स्टाफ में बुधवार दोपहर को पत्रकार वार्ता में गिरोह को लेकर सारी जानकारी दी गई। एसपी ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में जिला



पानीपत की 6 वारदातों सहित सोनीपत, करनाल कुरूक्षेत्र, कैथल, अंबाला व पंजाब की 24 वारदातों को खुलासा हुआ है। आरोपी बदमाशों के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, एक मारूती गाड़ी, एक गैस कटर, 2 देसी पिस्तौल, एक रिवाल्वर, एक डोगा गन व 71 जिंदा रौंद बरामद किए गए है। उन्होंने बताया कि आरोपी 5 साल से वारदातों का अंजाम देने में सक्रिय थे और पहली बार पुलिस के काबू आये है। चारों बदमाश एटीएम मशीन उखाडकर अभी तक करोड़ो रूपए की चोरी कर चुके है। इस बारे में एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि 26 मई की रात गोहाना रोड पर यश बैंक की एटीएम मशीन उखाड? की वारदात को अंजाम दिया गया था। हिटाची कंपनी के लीगर एडवाईजर गौरव द्वारा 30 मई को दी गई शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला आते ही उन्होंने गिरोह को पकडने के लिए सीआईए वन प्रभारी इंस्पेटर दीपक व उनकी टीम को जिम्मेदारी सौपी थी। सीआईए वन टीम ने करीब 200 किलो मीटर के एरिया में 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों का सुराग लगाया और गत रविवार को गिरोह के सरगना सहित चार बदमाशों को करनाल मुनक नहर पुल से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान सुखविंद्र उर्फ सुखा व भूपेंद्र उर्फ पिंडा पुत्र भगवान सिंह निवासी शादीपुर पटियाला, गुरमीत उर्फ सोनू व देवेंद्र उर्फ राजू पुत्र शिशा सिंह निवासी कोल पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया और पुलिस टीम ने पूछताछ की तो आरोपियों ने पानीपत में 6, करनाल में 5, कैथल में 3, कुरूक्षेत्र, अंबाला, सोनीपत की एक-एक वारदात के अतिरिक्त पंजाब में एटीएम मशीन उखाडने की 7 वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

## रक्तदान शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और जन सेवा दल के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज व उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि रक्तदान ही महादान है और सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिये। डीसी वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जरूरत के समय रक्त ही किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। इस मौके पर उपायुक्त दहिया ने 16 संस्थाओं व तीन टॉप डोनर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वामी दयानंद मुरथल, मेयर अवनीत कौर, भाजपा नेता देवेंद्र दत्ता, सीएमओ डॉ. जंयत आहूजा, रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण, डॉ. पूजा सिंगल, कृष्ण मनचंदा, चमन गुलाटी, पूर्व जिला पार्षद जोगिंद्र स्वामी व राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने रक्तदान शिविर लगाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**रोटरी क्लब** ऑफ गन्नौर एवं दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल के संयुक्त तत्वाधान में डी. आई..सी. टी. गन्नौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वेच्छा से 80 लोगो ने रक्त की जांच कराई व 70 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। शिविर में रोटरी क्लब गाजियाबाद के रो. रवि बाली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने क्लब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। डी आई सी टी के प्रमुख राजन सिहोर ने रक्तदान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें रक्तदान करते रहना चाहिए।

## अवैध खनन को लेकर पुलिस मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल। थाना नांगल चौधरी की टीम ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के दिशाझनिदेशों में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते 3 ट्रैक्टरझट्राली को जब्त किया है। ट्रॉलियों में बजरी भरकर ले जाई जा रही थी। थाना नांगल चौधरी की टीम ने अवैध खनन करने को वालों को पकड़ने के लिए स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया। पकड़े गए ट्रैक्टरझट्रॉलियों को खनन विभाग के हवाले कर दिया गया है। जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए थाना नांगल चौधरी प्रबंधक रामनाथ और उनकी टीम ने नांगल चौधरी क्षेत्र से बजरी के भरे हुए ट्रैक्टरझट्रॉलियों को जब्त किया गया है। जिला पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## दुनिया में देव हजारों है मेरे बजरंग बली का क्या कहना

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। शहर के** मोहल्ला सराय ढूसरान में मंगलवार रात श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम पंड़ित हिमांशु शर्मा ने यजमान विनोद कुमार सैनी को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्जवलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारम्भ किया, जिसमें पंडित महेश शर्मा, आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री, पंडित विजय हल्दिया,



दीपक शर्मा, नरेश मित्तल तथा अमित संघी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे चौपाइयों का अपने मधुर स्वर से गायन किया। पाठ समापन के बाघ भजनों का दौर शुरू हुआ जिसमें गायक संजय गोयल ने दुनियां में देव हजारों है बजरंग बली का क्या कहना, विजय हल्दिया ने तारा है सारा जमान राम हमको भी तारो, दीपक दीवान ने पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएगें भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं आचार्य क्रांति निर्मल ने अपने भजन के माध्यम से बाबा का प्रसाद रूपी खजाना लुटाया व धमाल गाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया।

# दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सबसे पहले रक्त की पड़ती है जरूरत, दवाइयों से नहीं हो सकती खून की पूर्ति : कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**विश्व रक्तदाता** दिवस पर मानव अधिकार संरक्षण संघ की ओर से सरकारी अस्पताल पुरखास के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रविंद्र शर्मा, सुमित व अमित राठी ने अपनी संयुक्त रूप से सेवाएं दी। भीषण गर्मी होने के बावजूद युवाओं में रक्तदान करने को लेकर उत्साह बरकरार रहा। शिविर में करीब 75 रक्तदानियों ने खूनदान कर पुण्य के भागी बने। शिविर में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि सीएमओ जय किशोर, जिला पार्षद सीता पुरखासिया व सरपंच सुनील जांगड़ा ने शिरकत की और रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया और कहा कि दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सबसे पहले रक्त की जरूरत होती है, जिसकी पूर्ति दवाइयों से संभव नहीं हो सकती। इस दौरान डोनेट किया गया रक्त इस्तेमाल करना एकमात्र विकल्प रहता है। उनका मानना है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की दुर्बलता नहीं आती, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वे खुद भी समय-समय पर रक्तदान करते रहते है। ऐसा करने से सुकून की अनुभूति होती है। संघ के अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि मानव अधिकार संरक्षण संघ पहले भी मानवता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर कार्य करता आ रहा है। रक्तदाता रविंद्र शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है। मौके पर डिप्टी सीएमओ तरूण यादव, सुमित राठी, पूर्णमल गौड़, अमित राठी, सुभाष वशिष्ठ, प्रवीन शर्मा, दिलबाग सिंह, हवा सिंह पहलवान, नितिन जैन, सुभाष दहिया, जगबीर मलिक आदि मौजूद रहे।



## एंजेलिना राणा को मिला दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलिवीजन अवार्ड



**गन्नौर: गन्नौर में** कार्यरत एसीपी गोरखपाल राणा की बेटी एंजेलिना राणा को मुंबई में आयोजित समारोह में दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलिवीजन अवार्ड 2023 से नवाजा गया है। एंजेलिना ने वर्ष 2021 में मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मिस टीन यूनिवर्स-2021 का खिताब जीता था। जिस वजह से आयोजकों द्वारा उनका नाम दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलिवीजन अवार्ड के लिए भेजा था। जिसके चलते 12 जून को मुंबई में आयोजित सम्मान समारोह में एंजेलिना को यह अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। एंजेलिना को यह सम्मान मिलने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। एसीपी गोरखपाल राणा का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि हरियाणा में यह पहला अवार्ड है। उनकी बेटी ने उनका ही नहीं पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम गौरव किया है। एंजेलिना राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया एंजेलिना राणा ने बताया कि वर्ष 2021 में यू-ट्यूब पर मिस टीन यूनिवर्स प्रतियोगिता के बारे में जानकारी जुटाई थी। जिसके बाद उन्होंने बिना किसी एक्सपर्ट की मदद लिए घर पर ही रैंप वाक की तैयारी शुरू कर दी।

## लोक कलाकारों ने लोगों को दिया जल बचाने का संदेश

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा के परिसर में जल बचाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा के प्रधान साहब सिंह खरींडवा ने किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लोक कलाकार ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, बीपीडब्लयू कृष्ण कुमार, बरखा राम, राजकुमार, राजकुमार शर्मा, शीश राम आदि ने अपने गीतों और भजनों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का खूब प्रचार-प्रसार किया। इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस जल शक्ति अभियान पर रहा। इन कलाकारों ने लोगों को जल बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र डार्क जोन में जा रहा है। इसलिए कुरुक्षेत्र के लोगों को पानी एक-एक बूंद की महता को समझना होगा।

## 'कांग्रेस प्रचंड बहुमत हासिल कर बनाएगी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भाजपा व** जजपा सरकार ने हर वर्ग को कभी ना खत्म होने वाली कतार में खड़ा कर रखा है। प्रदेश का युवा आज रोजगार के लिए कतार में खड़ा है, लेकिन सरकार भर्तियां करने का नाम नहीं ले रही। इतना ही नहीं बार-बार मांग के बावजूद सीईटी को क्वालीफाई परीक्षा नहीं माना जा रहा। सरकार सीईटी क्वालीफाई करने वाले सभी अभ्यार्थियों को भर्ती परीक्षाओं में बैठने का मौका नहीं देना चाहती। लेकिन, सरकार को युवाओं की मांग माननी ही पड़ेगी।

कांग्रेस सडक से



लेकर सदन तक युवाओं की आवाज उठाएगी।

सचिन कुंडू अपने जन संपर्क अभियान के तहत बुधवार को ग्रामीण हलके के गांव कुटानी में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सचिन कुंडू ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार ने शिक्षा तंत्र को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। आज हालात यह हैं कि स्कूलों में न ही पढ़ाने के लिए टीचर हैं और न ही बच्चों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध है। प्रदेश के अनेको स्कूलों में टॉयलेट भी नहीं है।

जबकि अनेको स्कूलों में पीने के पानी और बिजली की व्यवस्था नहीं कुंडू ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आते ही शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। बुजुर्गों को 6 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। इस अवसर पर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, धर्म सिंह मलिक, हरी सिंह मलिक, जयभगवान हरिजन, सुभाष मलिक, मनीष मलिक, नफे सिंह, चत्तर सिंह फोजी, अंगरेज,सुभाष फोजी, सतपाल मलिक, वेद प्रकाश मास्टर, सूरजमल, फतेह सिंह, मौजीराम हरिजन, देवेन्द्र मलिक, प्रदीप मलिक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापार को बनाया सुगम: अनिल अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने व्यापारियों को सुगम बनाकर भय मुक्त किया। मोदी ने सभी क्षेत्रों में देश का मान सम्मान बढ़ाया। वहीं व्यापारियों के हित सुरक्षित रखे। ये विचार राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने सेक्टर-24 स्थित अग्रवाल भवन में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करके व्यापारियों को तोहफा दिया। इसका सबसे बड़ा लाभ पानीपत के व्यापारियों को हुआ है। उन्होने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में सरकारी नीतियों की वजह से हमारा व्यापार चीन के उद्योग के सम्मान एक तरह पूर्णतय समर्पण



कर चुका था। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही नीतियों में बदलाव किया तथा देश का व्यापार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने की। व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बाल किशन अग्रवाल ने कहा कि रोजगार कौशल केंद्र खोल कर व्यापारियों को कुशल मानव शक्ति उपलब्ध कराने का बड़ा काम किया। पानीपत एक्सपोर्टर एसोसिएशन के सचिव विभु पालीवाल एवं हरियाणा चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन विनोद धमीजा ने प्रधानमंत्री मोदी की व्यापार नीतियों को जमकर सराहा। उन्होंने संयुक्त रूप से मांग की है कि कुराड़ आदि गांवों में जमीन की सीएलयू की मांग की ताकि उद्योग को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने फायर टेंडर बढ़ाने की मांग भी की। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि एक हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल एरिया काटा जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष योगिंदर राणा ने किया। मंच संचालन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं संयोजक मेघराज गुप्ता ने किया। सम्मेलन में संजय अग्रवाल, कृष्ण छौक्कर, बसंत रामदेव, रविंद्र भाटिया, विनोद खंडेलवाल, ईश कुमार राणा, श्री भगवान अग्रवाल, राकेश जैन, सुनील मित्तल, हरी मोहन गुप्ता, डा.राजबीर आर्य, कृष्ण आर्य, सुनीता गोयल, जोगिंद्र खुराना, महेश नारंग, राजेश वर्मा व अनिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तर का योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

▶▶ मन और दिमाग की शांति चाहिए तो योग करना अपनी आदत में शामिल करना जरूरी है



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आज स्थानीय आईटीआई मैदान में जिला स्तर का योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। पतंजलि से आए योग प्रशिक्षुओं ने प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण कराया।
आयुष विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान योगा प्रोटोकोल के दौरान होने वाली सभी क्रियाएं करवाई गई। इसके साथ ही योग से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया। यह प्रशिक्षण शिविर 16 जून तक सुबह 6:00 से 7:30 तक चलेगा। इससे पहले खंड स्तर पर होने वाला प्रशिक्षण 9 से 11 जून तक संबंधित खंडों में दिया गया था। योग प्रशिक्षु बजरंग तथा अरुण कुमार ने बताया कि सभी नागरिकों को प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। योग से न केवल शारीरिक कष्ट दूर होते हैं बल्कि यह मानसिक तौर पर भी इंसान को मजबूत बनाता है। यह हर आयु वर्ग के नागरिक के लिए फायदेमंद है। अगर विद्यार्थी हर रोज योग अभ्यास करें तो उनकी एकाग्रता बढ़ती है। मन और दिमाग की शांति चाहिए तो योग करना अपनी आदत में शामिल करना जरूरी है। योग और ध्यान

# ग्रीष्मकालीन कुमाऊनी गढ़वाली भाषा बोली कक्षाओं का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के फ्रेंच पब्लिक स्कूल में देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच द्वारा ग्रीष्मकालीन गढ़वाली कुमाऊनी भाषा की कक्षाओं का आयोजन लगातार दूसरे साल भी किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचकर अपनी भाषा बोली सीख रहे हैं। बाहरी दिल्ली के नरेला में संजय कॉलोनी स्थित फ्रेंच पब्लिक स्कूल में देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच द्वारा बच्चों को अपनी मातृभाषा से जोड़ने के लिए गढ़वाली कुमाऊनी भाषा की ग्रीष्मकालीन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष नरेंद्र भैसोडा ने जानकारी देते हुए बताया कि नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा गढ़वाली, कुमाऊनी से जोड़ने के लिए उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच दिल्ली व उत्तराखंड एकता मंच दिल्ली के सहयोग से इन कक्षाओं का आयोजन हर रविवार को नरेला व अलीपुर में लगातार दूसरे साल भी किया जा रहा है। इसी का सफल परिणाम है कि आज अपनी माटी से दूर रहते हुए भी पहाड़ के बच्चे अपने समाज और अपने घरों में अपनी भाषा बोली में बात कर रहे हैं। भाषा बोली की कक्षाएं शुरू करने का हमारा उद्देश्य यही है कि नई पीढ़ी का रुझान अपनी भाषाओं के प्रति बढ़े इस दिशा में भाषा कक्षाओं के माध्यम से हमारा प्रयास जारी है। उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच 2016 से दिल्ली एनसीआर में कुमाऊनी, गढ़वाली, जौनसारी भाषाओं की कक्षाओं का आयोजन करता आ रहा है। डीपीएमआई संस्थान के प्रमुख डा. विनोद बछेती के अथक प्रयासों से समस्त दिल्ली एनसीआर में गढवाली कुमाऊंनी जौनसारी बोली भाषाओं को संरक्षित करने व संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए सतत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर संस्था पदाधिकारी सबल रावत, आनंद पपनैं, संजय बुडाकोटी, हरेंद्र हिंदवान, जगदीश नैनवाल, चंद्र कर्तवाल, विक्रम भंडारी, भैरव गिरी, गोविंद अधिकारी, पंडित प्रकाश बलोदी, गोपाल गिरी, प्रदीप सिंह रावत, मनोहर रावत, दिनेश राणा, नवीन पंत, संतोष बेनाम, दीवान बिष्ट, नंदा बल्लभ मिश्रा, शोभन कंडारी, देवेन्द्र रावत, दलबीर नेगी, हयात रावत, हर सिंह रावत, ओमप्रकाश देशवाल, आनंद सत्यवली, हरीशपति, प्रेम सजवाण, पूरण खुलबे, चतुर सिंह राणा, विक्रम मेहता, चंदन शाही, जगदम्बा सती, रमेश पुंडीर, विक्रम सामंत, नवीन भगत, सुरेश ढौंडियाल, बलवंत दोसाद, नितिन नैनवाल, भारत नंदन पांडे, गोपाल सिंह चौहान, आलम सिंह रावत, भगवान कार्की, सतीश कुकसाल, भगवत भंडारी, चंद्रमणि जोशी, मनोज बिष्ट नेहा पपनैं, दीपा अधिकारी, आशा मुंडेपी,सुमित्रा रावत ,रीना देशवाल व रितु ढौंडियाल मौजूद रहे।




जिला केशव पुरम में प्रबुद्ध महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश और जिले तथा उन सभी प्रबुद्ध बहनों का सत्कार और समान किया गया। जिन्होंने इस सम्मेलन में भाग लिया और जो किसी न किसी रूप में समाज की सेवा कर रही है। इस मौके पर समाज सेविका चंचल जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बैठक में उठाये गए मुद्दों को हल करने का आश्वासन: काहलों

**विचार-विमर्श...**

= बैठक में पंजाबी लेन बड़ा बाजार से पंजाबियों व सिखों को स्थानांतरित करने की योजना के बारे में विचार विमर्श हुआ।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में सिखों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल शिलांग पहुंचा व पंजाबी लेन बड़ा बाजार से सिखों को स्थानांतरित करने के मुद्दे पर मेघालय सरकार के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद विवरण साझा करते हुए स. जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के प्रतिनिधिमंडल में उनके अलावा , वकील रितेश चौधरी, हरिजन पंचायत के अध्यक्ष गुरजीत सिंह, लुधियाना से जगमोहन सिंह व रोहित सिंह शामिल थे जबकि मेघालय सरकार द्वारा दोनों उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन टाइनसॉन्ग व स्निआवभलंग धर शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय ने स्टे लगाया हुआ है। बैठक में पंजाबी लेन बड़ा बाजार से पंजाबियों व सिखों को स्थानांतरित करने की योजना के बारे में विस्तारपूर्वक विचार विमर्श हुआ। बैठक सकारात्मक रही तथा सभी महत्वपूर्ण पहलूओं पर बात हुई। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में बेहतर परिणाम निकल कर आएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी सिखों के अधिकारों की रक्षा के लिए देश-विदेश में कहीं भी सदैव संघर्ष के लिए तैयार है। जो भी मामला उनके संज्ञान में लाया जाएगा, उस पर आवयक कार्रवाई की जाएगी। शिलांग के सिखों के मामले पर जहां हम अदालत में पैरवी कर रहे हैं वहीं सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हैं व उन्हें पूरी आशा है कि मामले में जो भी हल निकलेगा वह सभी पक्षों के हित में होगा।

# नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल भ्रष्टाचार रहित रहे: निर्मला सीतारमण





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और सांसद गौतम गंभीर ने गांधी नगर विधानसभा में आयोजित सर्व समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के नौ साल में भारत में हुए अभूतपूर्व परिवर्तन के बारे में विस्तार से चर्चा की और साथ ही केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के बारे में भी लोगों को जानकारियां दी। इस मौके पर विधायक अनिल वाजपेयी, ओम प्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष लता गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कोविड के कारण पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई लेकिन सबसे तेजी से अर्थव्यवस्था बढ़ने वाला देश भारत बना और आने वाले समय में भी हम सबसे तेजी से आगे बढ़ेंगे, इसका हमें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना के बाद गरीब कल्याण के बारे में सोचा और उनके द्वारा उठाए गए एक-एक कदम को उन्होंने स्वयं ही मोनिटर किया। निर्मला सीतारमण ने कहा कि आज विपक्ष के पास अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी करने के लिए कोई बहाना नहीं मिल पा रहा है क्योंकि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कोरोना जैसी महामारी में भी कई ठोस कदम उठाए और सेवा भाव से गरीबी मिटाने के लिए मोदी सरकार ने गरीब परिवारों को सिर्फ आर्थिक मदद ही नहीं दी बल्कि उन्हें घर, गैस सिलेंडर, शौचालय एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का काम किया है।

# 'केंद्र का अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश और दिल्ली की चुनी सरकार के अधिकार को कुचलने वाला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की जनता के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश की कई खतरनाक बातें अब सामने आने लगी हैं। इसमें कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिसके बाद दिल्ली की चुनी हुई सरकार का कोई मतलब नहीं रह गया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट के आदेश और दिल्ली सरकार के अधिकारों को कुचलने वाला बताया है। उनका कहना है कि केंद्र ने अध्यादेश लाकर सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ही खारिज नहीं किया है, बल्कि दिल्ली सरकार को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। अध्यादेश के अनुसार, अब मुख्य सचिव ये तय करेगा कि कैबिनेट का निर्णय सही है या गलत। इसी तरह, अगर सचिव को लगता है कि मंत्री का आदेश कानूनी रूप से गलत है तो वो मानने से इन्कार कर सकता है। यह दुनिया में पहली बार हो रहा है कि सचिव को मंत्री का बॉस बना दिया गया है। अगर इस अध्यादेश को एक लाइन में कहें तो अब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल नहीं होंगे, बल्कि मोदी जी होंगे और वो ही सभी फैसले लेंगे।

# मंत्री ने विजिलेंस कमेटियों के गठन के लिए बैठक कर की समीक्षा

## 'अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में कोई भी लाभार्थी मुफ्त राशन पाने से वंचित नहीं रहेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से दिल्ली के खाद्य और आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कमिश्नर (खाद्य-आपूर्ति) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राशन के मुफ्त वितरण की समीक्षा की। साथ ही एफपीएस के स्तर पर विजिलेंस कमेटीयों के गठन की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान खाद्य और आपूर्ति विभाग के अधिकारीयों ने बताया कि जून महीने के लिए राशन लाभार्थियों को एनएफएसए के तहत राशन का वितरण 01 जून से ही प्रारंभ कर दिया गया था और आज तक राशन कोटे का लगभग 85% राशन लाभार्थियों को वितरित किया जा चुका है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले राशन लाभार्थियों के साथ-साथ वन नेशन वन राशन कार्ड लाभार्थियों को भी जून 2023 के महीने के लिए पात्रता के तहत मुफ्त राशन का वितरण किया जा रहा है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने अवगत कराया कि एफपीएस स्तर पर विजिलेंस कमिटीयों का गठन लगभग पूरा हो गया है। मंत्री इमरान हुसैन ने बताया कि एफपीएस स्तर की विजिलेंस कमेटी राशन दुकानों में आपूर्ति किए जा रहे है। खाद्यान्न की गुणवत्ता और एफपीएस पर राशन का समय से वितरण सुनिश्चित करती हैं। इसके अलावा एफपीएस सूची में लाभार्थियों के नामों को जोड़ने और हटाने की निगरानी भी करती हैं। एफपीएस स्तर की विजिलेंस कमेटी जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, केन्द्रीय अधिनियम एवं स्टेट एक्ट के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन की सूचना जिला शिकायत निवारण अधिकारी को करती है। एफपीएस स्तर पर विजिलेंस कमिटी राशन लाभार्थियों के कल्याण से जुड़ी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन का नियमित निगरानी भी सुनिश्चित करती है । कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने खाद्य-आपूर्ति आयुक्त को नियमित अंतराल पर सतर्कता कमिटी की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस दौरान खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार सभी लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद जलज चौधरी का स्वागत करते हुए शालामार गांव आरडब्ल्यूए के प्रधान डॉ. ईश्वर दयाल सैनी व अन्य।

# श्रद्धानंद कॉलोनी में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने दौरा कर सुनीं लोगों की समस्याएं






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड-18** (जहांगीर पुरी वार्ड) में सफाई अभियान लगातार जारी है, प्रतिदिन अपने क्षेत्र में निगम पार्षद टिम्सी शर्मा अपनी उपस्थिति में सफाई करवा रही है और जनता से उनका सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है। उक्त बातें आप नेता सुरेश शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि आज इसी कड़ी मे श्रद्धानंद कॉलोनी में अपनी उपस्थिति में सफाई कार्य करवाया गया। उन्होंने कहा कि लोग एमसीडी के कार्य से संतुष्ट है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतीश गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आप नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# मानव रचना ने किया राष्ट्रीय स्कूल गेम्स का आयोजन

## एक सप्ताह की शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ियों लिया लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) की ओर से नोएडा सेक्टर-21 स्थित चंद्रो तोमर शूटिंग रेंज में चल रहे 66वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2022-23 का पुरस्कार वितरण का ?क्रम के साथ समापन हुआ। 6 से 12 जून तक आयोजित हुई इस शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागी शामिल हुए। एमआरईआई के वाइस प्रेसीडेंट डॉ. अमित भल्ला के मार्गदर्शन में हुई इस प्रतियोगिता के दौरान मानव रचना शूटिंग एकेडमी व मानव रचना स्पोर्ट्स साइंस सेंटर (एमआरएसएससी) के मेंटर व



राजीव गांधी खेल रत्न व अर्जुन अवॉर्डी डॉ. रंजन सोढ़ी, चेयरमैन संकेत अग्रवाल, एचओडी डॉ. सुमित अरोड़ा, फैकल्टी इंचार्ज मनविंदर, टेक्निकल कंडक्ट इंचार्ज मुकेश, टेक्निकल कंडक्ट सहायक रवि कांत निगम, सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दीक्षांत, वीआईपी व मीडिया इंचार्ज डॉ. रोशनी राज आदि ने विशेष सहयोग दिया। प्रतियोगिता के तहत अंडर-19 आयुवर्ग के मुकाबले हुए जिसमें 10 मीटर एयर राइफल व 10 मीटर एयर पिस्टल, पीप साइट एयर राइफल ब्वॉजय व गर्ल्स (एकल व टीम), एयर पिस्टल ब्वॉयज व गर्ल्स (एकल), ओपन साइट एयर राइफल गर्ल्स व ब्वॉयज (एकल व टीम), एयर पिस्टल ब्वॉयज व गर्ल्स (टीम) श्रेणियों में मुकाबले कराए गए। प्रतियोगिता में ब्वॉयज वर्ग के तहत हरियाणा की टीम को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिला, जबकि गर्ल्स श्रेणी में महाराष्ट्र की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। आखिरी दिन हुए पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार में शिक्षा विभाग (खेल) से श्री योगेश पाल सिंह पहुंचे। उन्होंने प्रतियोगिता के समापन पर सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में हार और जीत से ज्यादा भाग लेने की भावना मायने रखती है। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं के पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मानव रचना स्पोर्ट्स साइंस सेंटर के विशेषज्ञों ने सभी प्रतिभागियों को करियर के लिहाज से स्पोर्ट्स साइंस के क्षेत्र में संभावनाओं की भी जानकारी भी दी।

# एसडीएम ने योग दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
बल्लभगढ़ एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आगामी 21 जून को अटल पार्क सेक्टर 2 में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सुंदर तरीके से मनाने की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि बताया कि आगामी 21 जून को प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जिला व ब्लाक स्तर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम त्रिलोक चंद ने मीटिंग में शहर की जन समस्याओं बारे भी चर्चा की। विशेष तौर पर शहर की साफ सफाई तथा शहर व शहर की



मार्किट में जगह-जगह लगने वाले जाम व गंदगी पर नगर निगम के तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शहर की सुरक्षा व्यवस्था ठीक बनी रहे इस बारे में चर्चा की। उन्होंने कहाकि सभी ऑटो चालक जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वह ऑटो चालक अपने-अपने ड्राइविंग लाइसेंस एसडीएम कार्यालय बल्लभगढ़ आकर बनवा सकते हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री के भाई टीपर चंद शर्मा , मंडी सेकेट्री इंदर सिंह, लखन बेनीवाल, हरप्रसाद गौड़, ईश्वर दयाल गोयल, पूर्व पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, पारस जैन सहित अन्य कई अधिकारी व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नहरपार के किसानों को लेण्ड पुलिंग की स्कीम में जोडा जाये: शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
नहरपार के दो नए सैक्टरों का डैवलपमेंट हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण तेजी से कर रहा है लेकिन नहरपार के किसानों की मांग है कि विकास से पहले नहरपार के किसानों को लेण्ड पुलिंग की स्कीम में जोडा जाये या मुआवजा देने की प्रक्रिया सरल की जाए। नहरपार के नए दो सैक्टर 75 व 80 को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण करोड़ों रुपए लगाकर गुलजार करने की तैयारी कर रहा है इस बात को लेकर नहरपार ग्रेटर फरीदाबाद किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि इन दोनों सैक्टरों की जमीन का मुआवजा किसानों को आज तक भी नहीं मिला है और मुआवजा लेने के लिए लम्बी-चौडी योजना से गुजरना पड़ता है जिसकी वजह से मुआवजा लेना बहुत ही मुशकिल हो चला है। वशिष्ठ ने कहा कि सर्वोच न्यायालय पहले ही नहरपार के इन दो सैक्टरों का मुआवजा मु० 1229/- रुपए प्रति वर्गगज को घटाकर 645/- रुपए प्रति वर्गगज कर चुका है। इस आदेश पास होने की वजह से नहरपार के किसान आज तक भी उभर नहीं पाए है और इसी जमीन को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण एक लाख रुपए प्रति वर्गगज के हिसाब से बेच रहा है। आज भी इसी आश लगाये बैठे हैं कि अधिग्रहित जमीन के बदले सरकार उन्हे लेण्ड पुलिंग स्कीम में जोडे नहरपार के इन दो सैक्टरों की अधिकतर जमीन पर अपना दाखिल खारिज जमा चुका है। किसानों को अपनी अधिग्रहत जमीन 645/- वर्गगज का मुआवजा लेने के लिए कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

### प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने शक के चलते की थी युवती की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 31 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र व उनकी टीम ने हत्या के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आकाश(24) है जो फरीदाबाद की शिव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें आरोपी ने एक 23 वर्षीय युवती की गला दबाकर हत्या कर दी थी। सूचना मिलते ही एसीपी क्राइम अमन यादव और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को घटनास्थल से ही काबू कर लिया। पइसके चलते उसने युवती को एनएचपीसी चौक के पास स्थित दा लाइमस्टोन ओयो होटल में बुलाया। आरोपी सुबह करीब 11:00 बजे युवती को होटल में लेकर गया जहां पर उसका युवती के साथ झगड़ा हो गया और उसने रस्सी से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस द्वारा आरोपी को मौके से काबू करके थाने लाया गया और युवती के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले किया गया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग रस्सी बरामद की जा चुकी है। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में पूछताछ जारी है।

### स्टेट बैंक द्वारा नारायणगढ़ में ग्राम पंचायत जन सुरक्षा कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत जन सुरक्षा कैंप का आयोजन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में किया गया। इस कैम्प में बतौर मुख्यतिथि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के चण्डीगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक विनोद जायसवाल व एसडीएम सी जया शारधा ने शिरकत की। इस मौके पर स्टेट बैंक के अधिकारी रिजनल मैनेजर अनिल गोयल, डीजीएम पंचकूला गहलोत और नाबार्ड के डीडीएम दीपक जाखड़ व एलडीएम अम्बाला पुनीत भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विनोद जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना के अर्न्तगत इस शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका उद्देश्य लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में वार्षिक 436 रुपए का प्रीमियम देकर आप अपना व अपने परिवार के सदस्यों का बीमा करवाये।

# 'सिस्टम से बाहर हुए 18 लाख बच्चों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करें सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**आम** आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की। उन्होंने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की शिक्षा को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उनके साथ आम आदमी पार्टी की एजुकेशन विंग के प्रदेश सचिव उमेश रत्न शर्मा भी मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा की हरियाणा के बच्चे सरकारी स्कूलों में बर्बाद हो रहे हैं। खट्टर सरकार ने हरियाणा के बच्चों की एक नस्ल को तबाह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2022 में 4,26,690 बच्चे ऐसे थे जो कक्षा नौवीं और दसवीं में रजिस्टर हुए। इनमें से 2,27404 बच्चे नौवीं कक्षा में फेल हो जाते है और दसवीं तक 1,63,346 बच्चे ही पहुंच पाते हैं। और दसवीं में केवल 57% बच्चे ही पास हो पाते हैं, जोकि 94,281 बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि 20% बच्चे 12 वीं में फेल हो जाते हैं। 75,424 बच्चे ही 12 वीं पास कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि नौवी और दसवीं में दाखिला लेने वाले 100 बच्चों में से केवल 30 बच्चे ही बारहवीं पास कर पाते हैं। यानि 70 बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा की हरियाणा में स्कूलों में 26 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, इनमें से केवल 10 लाख 7 हजार ने दसवीं पास की। और इनमें से 8 लाख 6 हजार



208 बच्चे ही 12वीं पास कर पाते हैं। उन्होंने कहा सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे गुमनामी का जीवन जीने को मजबूर हैं। अनुराग ढांडा ने बताया कि हरियाणा सरकार के पिछले चार साल के आंकड़ों के अनुसार, नौवीं और दसवीं में 2 लाख 650 बच्चे ड्रॉपआउट हुए। और केवल दसवीं में 3,01536 बच्चे फेल हो गए। यानि 5 लाख बच्चे शिक्षा व्यवस्था से बाहर हो गए। उन्होंने कहा की 10वीं तक आते आते 62 प्रतिशत बच्चे फेल हो जाते हैं और 70 प्रतिशत बच्चे बारहवीं तक आते आते फेल हो जाते हैं। वहीं आम आदमी पार्टी एजुकेशन विंग के प्रदेश सचिव उमेश रत्न शर्मा ने बताया कि हरियाणा के अंदर 60 लाख बच्चे स्कूलों में पढ़ते हैं। इसमें 26 लाख बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि यू डाइस, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में 62 फीसदी बच्चे दसवीं और 70 फीसदी 12वीं में फेल हो जाते हैं। उन्होंने बताया की प्रदेश के स्कूलों में 32 फीसदी बच्चे नौवीं कक्षा में फेल हो जाते हैं। सरकार की पॉलिसी के अनुसार, आठवीं तक किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाता है। उन्होंने बताया की हरियाणा सरकार के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा के स्कूलों में दसवीं में 43 फीसदी बच्चे फेल हो जाते हैं और बारहवीं में 20 फीसदी बच्चे फेल हो रहे हैं। उन्होंने कहा की केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की अधिकृत यूडाइस की रिपोर्ट को माने तो पिछले 4 साल में नौवीं कक्षा में 5 लाख बच्चे फेल हुए। उन्होंने कहा की हरियाणा के बेरोजगारी में नंबर एक आने का कारण हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और हर साल लाखों बच्चों का विभिन्न कक्षाओं में फेल होना है। उन्होंने कहा की पिछले 9 साल में हरियाणा में 15 लाख बच्चे शिक्षा व्यवस्था से बाहर हो गए, जोकि ड्रग्स और नशे के धंधे में फंस गए।

# इंस्पेक्टर नवीन ने सड़क पर अतिक्रमण न करने के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत सेक्टर 8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने सेक्टर 7 10 के मार्केट एरिया में पैदल मार्च करके आमजन को सड़क पर अतिक्रमण न करने के बारे में जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद पुलिस आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर रही है। यातायात प्रबंधन फरीदाबाद का एक अहम मुद्दा रहा



है जिसमें यातायात को व्यवस्थित करने के लिए फरीदाबाद पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। परंतु बहुत अधिक मात्रा में यातायात के साधन होने के कारण आमजन सड़क पर जहां जगह मिलती है वहां पर अपना वाहन खड़ा करके चले जाते हैं जिसकी वजह से यातायात में व्यवधान उत्पन्न हो जाता है। अतिक्रमण के चलते सड़क की जगह पर वाहन खड़े हो जाते हैं और आवागमन के लिए रास्ता बहुत संकरा हो जाता है जिसमें बहुत अधिक मात्रा में वाहन आने पर उन्हें निकलने के लिए जगह नहीं मिलती है।

## भाजपा के 9 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। सरकार के सफल कार्यकाल को देखते हुए पूरे भारत में महासंपर्क अभियान शुरू किया है इसके तहत जिला अम्बाला में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से सम्पर्क किया जा रहा है। विधायक असीम गोयल अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाने वाली विकास तीर्थ यात्रा के शुभारम्भ अवसर पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

# फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
जिला टैक्स बार एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन सैक्टर-12 स्थित आबकारी एवं कराधान विभाग के जिला टैक्स बार रूम में किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल सोशल फाऊंडेशन फरीदाबाद से अजीत सिंह पटवा, उमेश अरोड़ा एवं रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद से सेक्रेटरी विजेंद्र सौरोत, सह सचिव पुरुषोत्तम सैनी, रेडक्रॉस संरक्षक विमल खंडेलवाल का विशेष सहयोग रहा एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में जिला टैक्स बार एसोसिएशन के सभी वकीलों एवं उनके सहयोगियों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढकर हिस्सा लिया। वहीं आबकारी एवं कराधान विभाग ने भी विशेष सहयोग किया शिविर में 69 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। उप. आबकारी एवं कराधान अधिकारी (पश्चिम) डी.एस. दहिया ने भी शिविर में आकर रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत महासचिव राजेंद्र शर्मा ने की एवं समस्त कार्यकारिणी ने अपना पूर्ण सहयोग किया। जिला टैक्स बार एसोसिएशन समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहती है। एसोसिएशन के प्रधान डी.आर. चौधरी ने आए हुए अतिथियों व रक्तवीरों का सम्मान फूल-मालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस रक्तदान शिविर में जिला टैक्स बार एसोसिएशन के उप. प्रधान राजेश गुप्ता, महासचिव राजेंद्र शर्मा, कैशियर विनीत त्यागी, जॉइंट सेक्रेटरी, बृजमोहन सैनी, लाइब्रेरियन हरिंदर फोगाट एवं एग्जीक्यूटिव मेंबर्स के तौर पर अमित कुमार, अजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरिंदर सैनी, राकेश कुमार, एडवोकेट आर. एस.गांधी, एडवोकेट एच. एस.भाटी, एडवोकेट चौधरी बलबीर सिंह, एम. एस शेखावत, सुगन सिंह धन्वंतरि, सत्यवान नरवाल, वी.पी.शर्मा, सत्येंद्र यादव, संजय लखानी, राज कुमार चौधरी, आर के गर्ग एवं बी.एस. शेखावत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नचौली गांव में चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान


**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद के नचौली गांव पहुंची। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ नागरिक सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, भूपानी थाना प्रभारी रणधीर, उपनिरीक्षक महेश, दुर्गा शक्ति टीम, अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम तथा मेट्रो हॉस्पिटल से साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आस्था सक्सेना मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीम नचोली गांव पहुंची जहां पर



एसीपी राजीव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। आमजन को नशे से बचने के लिए जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि नशा किसी भी अपराध का प्राथमिक कारण होता है। जो व्यक्ति नशे के चंगुल में फंस जाता है उसे नशा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है और जब उसके पास पैसे खत्म हो जाते हैं तो वह चोरी चकारी, लूट, डकैती इत्यादि वारदातों में शामिल हो जाता है। एक बार जब व्यक्ति लूट या डकैती की वारदात को अंजाम दे देता है तो वह इस प्रकार की वारदातों में लगातार शामिल रहने लगता है। इससे आगे चलते चलते कई बार उसके हाथों से किसी निर्दोष व्यक्ति की हत्या भी हो जाती है इसलिए एक नशे के कारण एक सीधा साधा इंसान हत्यारोपी बन जाता है। यह नशे के दुष्परिणाम है जिसके चलते इंसान की जिंदगी तबाह हो जाती है। इतना ही नहीं उसके साथ-साथ उसके परिवार में भी बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं उनके घर में लड़ाई झगड़ा रहने लगता है और उसके परिजन घरेलू हिंसा के शिकार होते हैं। इसके साथ ही अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम ने आमजन को नाटक के माध्यम से भी जागरूक किया।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल 10 मानकों में 100 प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। श्री विश्वकर्मा कौशल** विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का मॉडल सुपर साबित हुआ है। इस स्कूल ने दसवीं कक्षा के अपने पहले ही परीक्षा परिणाम में सभी श्रेणियों में दूसरे स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है। 10 मानकों में स्किल स्कूल दूसरे स्कूलों से अव्वल रहा है। इस स्कूल ने केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय से भी शानदार प्रदर्शन किया है। सीबीएसई के आंकड़ों के विश्लेषण ने स्किल स्कूल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यह देश में स्कूल स्तर पर कौशल शिक्षा का पहला और अनुपम मॉडल है। दसवीं कक्षा के पहले ही परीक्षा परिणाम से साबित हो गया है कि बच्चों ने स्किल कोर्स और पाठ्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया है। आंकड़ों के 10 मानकों में यह स्किल स्कूल शत प्रतिशत रहा है। सीबीएसई का परीक्षा परिणाम 93.12 प्रतिशत रहा जबकि स्किल स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में लड़कियों का पास प्रतिशत 94.25 रहा और लड़कों का पास प्रतिशत 92.27 फीसदी, जबकि स्किल स्कूल का परिणाम दोनों वर्गों में शत प्रतिशत रहा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि आज की दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक बड़ी क्रांति के रूप में उभर रहा है। इस महत्वपूर्ण विषय में स्किल स्कूल के 2 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 नंबर लेकर साबित किया है कि स्कूल स्तर पर बच्चे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में कितनी कामयाबी हासिल कर सकते हैं। इस मॉडल में स्किल एजुकेशन को नौवीं कक्षा से ही इंटीग्रेट किया गया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि सामान्यतः स्कूल स्तर पर बहुत



से विद्यार्थियों का ड्रॉप आउट हो जाता है। उसके बाद ना उनके पास कोई सर्टिफिकेट होता और ना ही कोई कौशल होता। नौवीं और दसवीं क्लास के सर्टिफिकेट उनके कुछ काम नहीं आते, लेकिन इस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए कोई ना कोई कौशल विषय लेना अनिवार्य है। इस हिसाब से दसवीं के बाद भी वह विद्यार्थी जॉब मार्केट के लिए तैयार हो जाते हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि युवाओं की दिलचस्पी और उनकी अपेक्षाओं के अनुसार ही कोर्स तैयार किए गए हैं। स्कूल में उन्हें अनेकों ऐसे विकल्प मिलते हैं, जिससे उन्हें लगता है कि उनके ऊपर कोई विषय थोपे नहीं गए हैं। जो विद्यार्थी गणित में अच्छे नहीं हैं मल्टीपल कोर्स होने के कारण वह विज्ञान में आगे बढ़ सकते हैं और जो विज्ञान में इतने अच्छे नहीं हैं वह कौशल विषयों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इस मॉडल के अनुसार दसवीं के बाद ग्रॉस इनरोलमेंट रेशो बढ़ेगा। विद्यार्थियों को सरल और दिलचस्प विकल्प मिलेंगे तो ड्रॉपआउट नहीं होगा और उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर इसके माध्यम से मिलेगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि यह स्कूल कौशल विश्वविद्यालय के साथ एकीकृत है। इसलिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शिक्षकों से पढ़ने और सीखने का अवसर भी मिलता है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इसी मॉडल को देखते हुए हरियाणा में 10 नए स्किल स्कूल खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पारंपरिक पाठ्यक्रम की बजाय अब विद्यार्थियों को स्किल विषयों की ओर ले जाना समय की जरूरत है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यदि हमें वैश्विक स्तर पर स्पर्धा में आगे निकलना है तो अपनी अगली पीढ़ी को कौशल देना बच्चे कौशल शिक्षा के साथ जुड़ेंगे तो यह देश के विकास की दिशा में सार्थक कदम होगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इंडस्ट्री में अन्वेषण और उत्पादकता की गुणवत्ता बढ़ेगी। स्किल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. जलबीर जाखड़ का कहना है कि यह श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू का एक अद्भुत नवाचार है। उन्होंने स्कूल स्तर पर स्किल कोर्स बच्चों को पढ़ाने के बारे में सोचा और उसे लागू किया। मॉडल को अपनाने के लिए देश के कई राज्य काफी उत्सुक हैं और श्री विश्वकर्मा कौशल विषय के स्किल स्कूल का दौरा भी कर चुके हैं। सफलता को देखते हुए ही हरियाणा सरकार ने 10 नए इनोवेटिव स्कूल स्कूल खोलने का फैसला लिया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## न्यूज फ्लैश

### अराजकता का अड्डा बना नौचंदी मेला

**मेरठ:** मेरठ के ऐतिहासिक नौचंदी मेले में इस बार अराजकता का आलम है। आए दिन नौचंदी मेले में मारपीट की घटनाएं हो रही है। जिनके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मंगलवार की देर रात लगभग दो बजे एक दुकानदार और पुलिसकर्मी में हाथापाई हुई। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेरठ के नौचंदी मेले को प्रदेश सरकार ने प्रांतीय मेला घोषित किया है। एकांतर व्यवस्था के तहत जिला पंचायत और नगर निगम बारी-बारी से एक-एक वर्ष नौचंदी मेले का आयोजन करते हैं। इस वर्ष नगर निगम ने मेले का आयोजन किया है। इस बार नौचंदी मेले में आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। दो दिन पहले तहबाजारी वसूलने वाले ठेकेदार और एक दुकानदार के बीच जमकर संघर्ष हुआ था। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ दिन पहले ही एक भाजपा नेता के भतीजे के साथ दो पुलिसकर्मियों ने मारपीट की थी। मामले के तूल पकड़ने पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

मेले में नौचंदी मंदिर के सामने मंगलवार की देर रात्रि भी प्रसाद का ठेला लगाने को लेकर अभिषेक और संजय के बीच विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इस बात पर अभिषेक की पुलिसकर्मी से हाथापाई हो गई। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेला प्रभारी जितेंद्र कुमार के अनुसार, अभिषेक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुई जीरो एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में बुधवार को अगस्त, 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को हवाई जहाज से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को सत्यापित कर दो सप्ताह में बताने को कहा है कि वाकई में जीरो एफआईआर देवघर पहुंचा है कि नहीं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दिल्ली में दर्ज कराई गई जीरो एफआईआर देवघर के कुंडा थाना में ट्रांसफर कर दी गई है।

इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि दिल्ली से भेजी गई जीरो एफआईआर के आधार पर देवघर के कुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई या नहीं। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान ने और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने पैरवी की।

# 'चल रहा जन-कल्याण का महायज्ञ'

## मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मंत्रियों और प्रशासनिक टीम को दी बधाई

**बधाई दी**

**मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने वाली बहने आनंदित हैं: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मंत्रालय सभा कक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों से कहा कि मध्यप्रदेश में जन-कल्याण का महायज्ञ चल रहा है। प्रदेश के साढ़े आठ करोड़ नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 10 जून के कार्यक्रम और किसान - कल्याण के 13 जून के कार्यक्रम सफल हुए। यह सप्ताह इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने किसानों और बहनों को मंत्रि-परिषद की ओर से बधाई दी।



मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों और प्रशासनिक टीम को इन कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, पहली बार किसी योजना के त्वरित क्रियान्वयन का यह अनोखा उदाहरण है। नर्मदा जयंती 28 जनवरी को योजना प्रारंभ करने की घोषणा, पांच मार्च को योजना के शुभारंभ, इसके बाद पात्र बहनों के आवेदन-पत्र प्राप्त करने, ई-केवायसी की औपचारिकता पूर्ण कर बैंक खाते में राशि अंतरित करने की संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित तरीके से पूरी की गई। तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण किये गये। यह किसी भी योजना के प्रारंभ होने और बहुत कम समय में अमल की दृष्टि से अपने आप में एक रिकार्ड है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिकारी -कर्मचारियों ने निरंतर परिश्रम किया। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाएं नागरिकों का जीवन बदलने का कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने वाली बहने आनंदित हैं।

### किसानों को मिल सकेगा खाद और बीज, वे डिफाल्टर नहीं रहेंगे: किसान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिये 13 जून को राजगढ़ में 3 महत्वपूर्ण योजनाओं में करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। जहां राज्य सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा डिफाल्टर किसानों की ब्याज राशि को माफ करते हुए उन्हें डिफाल्टर होने से मुक्ति दिलवाकर खाद और बीज प्राप्त करने का हकदार बनाया है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 2900 करोड़ रुपये की राशि भी लगभग 49 लाख किसानों को प्रदान की गई। साथ ही मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 1400 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खाते में डाली गई। उन्होंने कहा कि अब बहनों की तरह किसानों को भी प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि प्राप्त होगी। भारत सरकार से मिलने वाली 6 हजार रुपये वार्षिक किसान सम्मान निधि की तरह मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री किसान - कल्याण योजना के 6 हजार रुपये मिलाकर वर्ष में कुल 12 हजार रुपए किसानों को प्राप्त होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार के किसानों और बहनों के लिये लागू किये गये कल्याणकारी कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों को फायदा मिलेगा



**टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू**

**केंद्र** सरकार ने खरीफ फसल के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। इसके तहत मूंग, बाजरा व मूंगफली समेत धान की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। इससे मूंग की फसल करने वाले किसानों को अधिक फायदा मिलेगा। मूंग की पैदावार करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने पर 803 रुपये प्रति क्विंटल अधिक मिलेंगे। सरकार ने बाजरे के समर्थन मूल्य में भी 150 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया है। हालांकि मूंगफली के समर्थन मूल्य में भी बढ़ोतरी की गई है। लेकिन झुंझुनू जिले में इसका रकबा बहुत कम है। किसान नेता रामचंद्र कुलहरी ने बताया कि खेती में बढ़ती लागत को देखते हुए किसान संगठनों की ओर से लम्बे समय से एमएसपी में बढ़ोतरी की मांग की जा रही है। जिसके कारण केंद्र सरकार की ओर से खरीफ फसल में समर्थन मूल्य रिवाइज किया गया है। खरीफ पैदावार में जिले में मूंग व मूंगफली की ही समर्थन मूल्य पर खरीद होती है। हालांकि मूंगफली की पैदावार कम है। लेकिन किसान अब मूंगफली की फसल बोने लगे है। मूंगफली के समर्थन मूल्य में 527 रुपये की बढ़ोतरी करने से जिले के किसानों को इसका फायदा होगा।

# ...तो जवाब में संत भी करेंगे महापंचायत



**लव जिहाद**

**मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी राजधानी देहरादून में महापंचायत का 18 जून को ऐलान किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

**देवभूमि** उत्तरकाशी के पुरोला में विगत दिनों हुई लव जिहाद की घटना के बाद विवाद बढ़ता ही जा रहा है। प्रधान संगठन ने 15 जून को महापंचायत का ऐलान किया था। इसके बाद बीते रोज प्रधान संगठन ने महापंचायत से हाथ खींच लिए। इसके साथ ही बजरंग दल ने उस महापंचायत को शांतिपूर्वक ढ़ग से महापंचायत करने का ऐलान किया। इसके बाद प्रशासन ने 14 से 19 जून तक क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है। इसके साथ ही शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी राजधानी देहरादून में महापंचायत का 18 जून को ऐलान किया है। स्वामी आनन्द स्वरूप का कहना है कि यदि 18 को मुस्लिम समुदास मुस्लिम महापंचायत का आयोजन करता है तो ठीक उसी दिन व उसी समय संत समाज हिन्दू महापंचायत का आयोजन करेगा।

### उत्तराखंड में लव जिहाद की घटनाएं सोची समझी साजिश: रक्षा राज्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रपुर( उधम सिंह नगर)**

**उत्तराखंड** में बढ़ रही लव जिहाद की घटनाओं को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सोची समझी साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से राज्य और देश का माहौल खराब हो रहा है। बुधवार को रुद्रपुर के ग्राम छतरपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों से मिलने आए केंद्रीय रक्षा और राज्यमंत्री अजय भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जो लोग जबरदस्ती धर्मांतरण कराते हैं, वो सब एक एक करके पकड़े जा रहे हैं और नियमानुसार अनुमन्य धाराओं में उनके खिलाफ मुकदमे कायम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। इससे पहले उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता करने वाले स्वर्गीय हो राम की पत्नी से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद लिया। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों से भी मुलाकात की और मोदी सरकार के 9 वर्ष में किए गए कार्यों पर चर्चा की।

# आज से होगी जी-20 के कृषि कार्य समूह की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20 के** कृषि कार्य समूह की मंत्रिस्तरीय बैठक 15 से 17 जून तक हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार इस तीन दिवसीय बैठक में जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें विभिन्न देशों के कृषि मंत्री और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के महानिदेशक शामिल होंगे। पहले दिन के कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी के




उद्घाटन के साथ होगी। यह प्रदर्शनी कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी। उद्घाटन के बाद एग्रीकल्चर डेप्यूटी मीटिंग (एडीएम) होगी। इसके बाद, शीर्ष भारतीय कृषि-आधारित कंपनियों और स्टार्ट-अप्स की भागीदारी के साथ "मैनेजिंग एग्रीबिजनेस फॉर प्रॉफिट, पीपल एंड प्लेनेट" और "कनेक्टिंग द डिजिटली डिस्कनेक्टेड, हार्नेसिंग द पॉवर ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजीज इन एग्रीकल्चर" शीर्षक वाले दो कार्यक्रम होंगे, जिसमें कृषि-व्यवसाय कंपनियों के प्रसार में शामिल केंद्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियां भाग लेंगी। बैठक के दूसरे दिन की शुरूआत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी-20 बैठक में भाग लेने वाले मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों का स्वागत करते हुए होगी।

**चर्चा होगी**

**जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे**

### लोक कला विकास बोर्ड का होगा गठन


**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**प्रदेश की** लोक कला से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिए लोक कला विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा 7 गैर सरकारी सदस्य होंगे। बोर्ड सचिव एवं कार्यकारी स्टॉफ अलग से होगा। बोर्ड के गठन की कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। बोर्ड गठन का उद्देश्य लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलाना, रोजगार से जोड़ना, लोक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है।

### पानी भरने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

**ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में** मंगलवार की देर रात पानी भरने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में महिला समेत चार लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी राजकुमार का आरोप है कि मंगलवार की देर रात उसका बेटा गुड्डू नल से पानी भर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी अमन भी आ गया और पहले पानी भरने को लेकर कहासुनी करने लगा। अमन ने मामले की जानकारी अपने जीजा अमित को दी तो वह भी मौके पर पहुंच गया। दोनों ने मिलकर गुड्डू की पिटाई कर दी। शोर सुनकर राजकुमार व उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में संघर्ष शुरू हो गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने राजकुमार के परिवार की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी की।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE
PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

**तकनीक**

**यात्रियों को स्क्रीन पर दिखाए गए 'टिकट खरीदें' विकल्प पर टैप करना होगा**

# रैपिडएक्स: यात्रियों को मिलेगी यूपीआई से भुगतान की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

**रैपिडएक्स में** यात्रा करने के लिए एनसीआरटीसी स्टेशनों में टिकट खरीदने के लिए यात्रियों को कई विकल्प देने जा रहा है। इन सभी विकल्पों में यूपीआई द्वारा भुगतान की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अंतर्गत स्टेशन में जो टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) लगाए जा रहे हैं वो भी कैश, कार्ड आदि के साथ-साथ यूपीआई से भी भुगतान ले सकेगा। ऐसी सुविधा पहली बार देश में किसी मास ट्रांज़िट सिस्टम में प्रयोग की जाने वाली है। यह जानकारी बुधवार को एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने दी। उन्होंने बताया कि टीवीएम के माध्यम से यूपीआई आधारित भुगतान की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को स्क्रीन पर दिखाए गए 'टिकट खरीदें' विकल्प पर टैप करना होगा। फिर उन्हें स्टेशनों के चार्ट में से गंतव्य स्टेशन का चयन करना होगा और जितने टिकट खरीदना चाहते हैं, वह संख्या दिए गए स्थान में भरनी होगी। इसके बाद टिकट के भुगतान के लिए यूपीआई सहित भुगतान के सभी



विकल्प स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे। उन्होंने बताया कि यात्रियों द्वारा यूपीआई से भुगतान करने के विकल्प के चयन के बाद, टीवीएम के पीओएस टर्मिनल पर एक क्यूआर कोड उत्पन्न होगा। यात्री भुगतान करने के लिए किसी भी यूपीआई एप से उस क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। भुगतान के साथ ही पेपर क्यूआर टिकट टीवीएम से बाहर आ जाएगा। यूपीआई के अलावा, टीवीएम में भुगतान के अन्य तीन विकल्प बैंक नोट, क्रेडिट व डेबिट कार्ड और एनसीएमसी कार्ड वॉलेट हैं। टीवीएम का इंटरफेस टिकट खरीदने के लिए यूजर-फ्रेंडली होगा और कोई भी यात्री इसे प्रयोग कर पाएगा। इससे कैश या चेंज ले जाने की जरूरत और झंझट भी खत्म हो जाएगी। डिजिटल ई-क्यूआर कोड-रैपिडएक्स कनेक्ट एप के द्वारा एनसीआरटीसी के मोबाइल ऐप- रैपिडएक्स कनेक्ट के जरिये ई-क्यूआर कोड जनरेट होगा, जोकि ई-टिकट का कार्य करेगा। ऐप पर यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिये भुगतान कर सकेंगे।

रैपिड एक्स स्टेशन पर प्रवेश और निकास के दौरान एएफसी गेट पर ई-क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, जिसके बाद सीधे ट्रेन में सवार हुआ जा सकेगा। अगर यात्री एक ही डेस्टिनेशन स्टेशन से वापस आना चाहते हैं, तो आने और जाने के टिकट के लिये एक ही ई-क्यूआर जनरेट किया जा सकेगा। जल्दी ही यह रैपिडएक्स कनेक्ट एप गूगल एप स्टोर और एपल स्टोर पर उपलब्ध होगा। एनसीएमसी कार्ड यानी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड, को कई विभिन्न परिवहन माध्यमों में यात्रा करने के उद्देश्य से लाया गया है। इस कार्ड को रैपिडएक्स स्टेशन के ग्राहक सेवा केंद्र समेत कई बैंकों से प्राप्त किया जा सकता हैं। ये कार्ड प्रीपेड, डेबिट या क्रेडिट रुपे कार्ड के रूप में होंगे, जिन्हें ग्राहक सेवा केंद्र पर रीचार्ज कराया जा सकता है। यात्रा करने के लिए इसे स्टेशन के एएफसी गेट पर दिखा कर प्रवेश किया जा सकेगा। इसी प्रक्रिया के तहत यात्रा पूर्ण होने के बाद स्टेशन से निकास मिल जाएगा।

**भुगतान**

**स्टेशन में जो टीवीएम लगाए जा रहे हैं वो भी कैश, कार्ड आदि के साथ-साथ यूपीआई से भी भुगतान ले सकेगा**